

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़


E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112



■ रायपुर, रविवार 05 अप्रैल 2026 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-3 ■ वर्ष -42 ■ अंक-007 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 6अप्रैल 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## जगदलपुर सहित बस्तर संभाग में भूकंप के झटके

**जगदलपुर,5 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

बस्तर संभाग के जगदलपुर सहित कई इलाकों में बीती रात अचानक भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। रात के सन्नाटे में जमीन हिलने से घबराए लोग एहतियातन अपने घरों से बाहर निकल आए और खुले स्थानों पर खड़े होकर स्थिति सामान्य होने का इंतजार करते रहे।



दहशत में घरों से बाहर निकाल आए लोग

**रात 11:31 बजे आया भूकंप**-राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप रात करीब 11:31 बजे दर्ज किया गया। इसका केंद्र कोरापुट में स्थित था। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.4 मैग्नीट्यूड मापी गई, जबकि भूकंप की गहराई जमीन से लगभग 5 किलोमीटर नीचे बताई गई। कम गहराई के कारण झटके अपेक्षाकृत अधिक महसूस हुए।

**इन क्षेत्रों में भी महसूस हुए झटके**-जगदलपुर के अलावा बस्तर के दरभा, बास्तानार और आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ सेकंड तक जमीन हिलती रही, जिससे घरों में रखे सामान हिलने लगे और लोग घबरा गए।

**कोई जनहानि नहीं**-प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, इस भूकंप से किसी प्रकार की जनहानि या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। हालांकि, अचानक आए झटकों के कारण लोगों में दहशत और असुरक्षा की भावना देखी गई। कई लोग देर रात तक जागते रहे और हालात पर नजर बनाए रखी।

**विशेषज्ञों की राय**-भूकंप विशेषज्ञों का मानना है कि बस्तर क्षेत्र सामान्यतः कम भूकंपीय गतिविधियों वाला क्षेत्र रहा है। ऐसे में यहां भूकंप के झटके महसूस होना भू-वैज्ञानिकों के लिए अध्ययन का विषय है। हालांकि 4.4 तीव्रता का भूकंप सामान्य श्रेणी में आता है, फिर भी इसकी निगरानी आवश्यक है।

## आरटीई एडमिशन में सुस्ती पर हाईकोर्ट नाराज

### शिक्षा विभाग से मांगा हलफनामा

**बिलासपुर,5 अप्रैल।** हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ़ में शिक्षा के अधिकार के तहत कक्षा पहली में प्रवेश प्रक्रिया की धीमी रफ्तार को लेकर रुख अपनाया है। गंभीर स्थिति को देखते हुए कोर्ट ने छुट्टी के दिन विशेष सुनवाई की और मामले में स्वतः संज्ञान लिया। मीडिया में प्रकाशित खबर में बताया गया कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत 1 अप्रैल से हो चुकी है, लेकिन आरटीई के तहत मिलने वाले दाखिलों की प्रक्रिया बेहद धीमी है। इससे गरीब छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। कोर्ट ने छुट्टी के दिन शिक्षा विभाग के अधिकारियों को तलब किया और जवाब मांगा। अगली सुनवाई 8 अप्रैल को होगी। हाईकोर्ट ने शनिवार को मामले की सुनवाई करते हुए अधिकारियों से पूछा कि लापरवाही क्यों बरती जा रही है। कोर्ट ने छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव को मामले में विस्तृत हलफनामा दाखिल करने कहा है। इसमें अब तक उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी गई है।



बता दें, कि आरटीई के तहत मामले की सुनवाई पहले से चल रही है। इस याचिका पर 8 अप्रैल को सुनवाई होनी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने शनिवार को ही सुन लिया। हाईकोर्ट ने पूछा है कि जब सत्र शुरू हो चुका है तो गरीब बच्चों का दाखिला कब होगा, क्या प्रशासन की लापरवाही से हजारों बच्चों का भविष्य प्रभावित होगा। गौरतलब है कि प्रदेश में नया शिक्षा सत्र 1 अप्रैल से शुरू हो गया, लेकिन आरटीई के तहत पहली कक्षा में प्रवेश प्रक्रिया धीमी है। 38,438 आवेदनों में से अब तक केवल 23,766 (62%) की ही जांच पूरी हुई है, जबकि 16 हजार से अधिक आवेदन लंबित हैं। कई जिलों में 10% से भी कम जांच हो पाई है।

डीपीआई ने पंजीयन और नोडल वेरीफिकेशन के लिए 16 फरवरी से 31 मार्च तक समय तय किया था, लेकिन डेडलाइन के बाद भी प्रक्रिया अधूरी है। माना जा रहा है कि नोडल प्राचार्यों स्तर पर धीमी जांच इसकी मुख्य वजह है, जिससे आगे की प्रवेश प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। अधिकांश जिलों में लंबित आवेदनों का नोडल वेरीफिकेशन ही समय पर नहीं हो पा रहा है। इसके साथ ही कुछ जिलों में अधिक तो कुछ जिलों में सीटों के मुकाबले कम आवेदन आए हैं। इधर नोडल वेरीफिकेशन के बाद 13-17 अप्रैल के बीच लॉटरी से स्कूल आवंटन होना है लेकिन जांच और तैयारियां अधूरी रहीं तो एडमिशन शेड्यूल बढ़ सकता है।

### छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का नया रोस्टर लागू

**बिलासपुर,5 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के रोस्टर में 8 अप्रैल से बदलाव हो रहा है। अब तीन डिवीजन बेंच के अलावा तेरह सिंगल बेंचों में नियमित सुनवाई की जाएगी। पहली डीबी में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल सभी जनहित याचिकाओं, हेबियस कार्पस पिटीशन, 2020 तक की क्रिमिनल अपील, अवमानना याचिका क्रिमिनल, सेक्शन 482 के तहत आवेदन, 419, 378 पर सुनवाई करेंगे। दूसरी डीबी में जस्टिस संजय के अग्रवाल और जस्टिस सचिन सिंह राजपूत सभी सिविल मामले , कंपनी अपील टेक्स मामले , अल्ट्रा वायरस मामले 2022 तक सुनेंगे। यह डिवीजन बेंच मामलों का कमर्शियल अपीलेट भी रहेगा। जस्टिस संजय अग्रवाल और जस्टिस एन के व्यास की तीसरी डीबी उन क्रिमिनल मामलों को देखेगी जो किसी डीबी को नहीं दिए गये हैं। 2016 तक की इक्विटल अपील और 2022 तक के अल्ट्रा वायरस मामलों पर भी यही बेंच सुनवाई करेगी। इसके अलावा चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की स्पेशल सिंगल बेंच समेत कुल 13 सिंगल बेंच निर्धारित की गईं हैं।

## हिंदू युवाओं को ढाल बनाकर रची जा रही थी गजवा-ए-हिंद की साजिश

यूपी आतंकवाद निरोधक दस्ता ने पाक को किया बेनकाब

**लखनऊ,5 अप्रैल।** उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ता ने मेरठ और आसपास के इलाकों में सक्रिय एक खतरनाक आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, जिसके तार सीधे तौर पर सीमा पार पाकिस्तान से जुड़े हुए हैं। इस जांच में जो खुलासे हुए हैं, उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े कर दिए हैं। जांचकर्ताओं के अनुसार, यह मॉड्यूल न केवल भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल था, बल्कि पकड़े जाने से बचने के लिए हिंदू रंग-रूप और कोड नेम का इस्तेमाल कर रहा था। जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि पाकिस्तान में बैठे आकाओं ने अपने गुर्गों को सख्त हिदायत दी थी कि वे सुरक्षा एजेंसियों की नजरों से बचने के लिए स्थानीय हिंदू युवाओं को भर्ती करें और संवेदनशील स्थलों की रेकी के लिए उन्हें कवर के तौर पर इस्तेमाल करें।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी शाकिब से हुई पूछताछ में यह बात सामने आई है कि वह पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स के सीधे संपर्क में था। शाकिब को निर्देश दिए गए थे कि किसी भी परिस्थिति में मिशन अधूरा नहीं रहना चाहिए। हैंडलर्स ने उसे गजवा-ए-हिंद के एजेंडे पर काम करने और नेटवर्क का विस्तार इस तरह करने को कहा था जिससे कि सुरक्षा एजेंसियों को भनक तक न लगे। हैंडलर्स ने शाकिब को चेतावनी दी थी कि यदि भारत इस बार कोई ऑपरेशन करने की कोशिश करता है, तो हमें तैयार रहना होगा। इस साजिश के तहत शाकिब ने विकास और लोकेश नाम के दो हिंदू युवाओं को लालच देकर मॉड्यूल में शामिल किया। पहचान छिपाने के लिए उन्हें कोड नेम दिए गए। लोकेश को सलीम और विकास को जाहिद के नाम से बुलाया जाता था।जांचकर्ताओं का कहना है कि शाकिब ने लोकेश (सलीम) का उपयोग उन संवेदनशील और धार्मिक स्थलों की रेकी करने के लिए किया, जहां एक विशेष समुदाय के व्यक्ति के रूप में प्रवेश करना मुश्किल हो सकता था। हिंदू पहचान होने के कारण लोकेश को सुरक्षा जांच में संदिग्ध नहीं माना जाता था, जिसका फायदा उठाकर उसने कई महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की टोह ली। इस मॉड्यूल का मुख्य उद्देश्य सैन्य ठिकानों और प्रमुख धार्मिक स्थलों की जानकारी जुटाना था। एटीएस को पता चला है कि पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स गूगल लोकेशन साझा करते थे, जिसके बाद शाकिब और उसके साथी उन स्थानों पर जाकर वीडियो रिकॉर्ड करते और वापस भेज देते थे। इस काम के बदले उन्हें विदेशी माध्यमों से भुगतान किया जाता था।

## अरुण देव गौतम हो सकते हैं पूर्णकालिक डीजीपी

**रायपुर,5 अप्रैल।** सरकार ने पूर्णकालिक पुलिस महानिदेशक के लिए आईपीएस अरुण देव गौतम के नाम पर मुहर लगाने का फैसला कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट की यूपीएससी को नोटिस के बाद सरकार ने यह निर्णय किया है। चूंकि शीर्ष अदालत की नोटिस का टाइम निकल गया है, लिहाजा कल कोर्ट खुलने के पहले सरकार आदेश जारी कर सकती है। हालांकि डीजीपी की दौड़ में आईपीएस हिमांशु गुप्ता का नाम भी प्रमुख है. मगर नक्सल मुद्दे पर बड़ी कामयाबी को देखकर प्रभारी डीजीपी अरुण देव की जगह पर अगर हिमांशु गुप्ता को डीजीपी बनाया जाए, इसको लेकर सरकार खुद उलझन में है, कुल मिलाकर अरुण देव का पलड़ा भारी है इसलिए संभावना उनकी भारी है.सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी के बाद संघ लोक सेवा आयोग ने छत्तीसगढ़ सरकार को पत्र भेजकर पूछा था कि अब तक राज्य में पूर्णकालिक डीजीपी की नियुक्ति क्यों नहीं की गई। आयोग ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का हवाला देते हुए जवाब तलब किया था। छत्तीसगढ़ सरकार ने अब तक पूर्णकालिक डीजीपी की नियुक्ति संबंधी अधिसूचना की कापी आयोग को नहीं भेजी है। बता दें, यूपीएससी ने 13 मई 2025 को ही डीजीपी के लिए दो आईपीएस अधिकारियों का पैनल राज्य सरकार को भेज दिया था। नियमानुसार, सरकार को इस पैनल में से किसी एक अधिकारी को पूर्णकालिक डीजीपी के पद पर नियुक्त करना था। आयोग ने पूछा है कि 3 जुलाई 2018 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन अब तक क्यों नहीं हुआ? यदि विलंब हुआ है, तो उसका ठोस कारण बताया जाए।



### आकाशीय बिजली गिरने से 5 मवेशियों की मौत

**कोंडागांव,5 अप्रैल।** जिले के फरसगांव विकास खंड अंतर्गत ग्राम कोनगुड़ पोलपा पारा में शनिवार शाम करीब 5 बजे अचानक बदले मौसम ने भारी तबाही मचा दी। तेज आंधी-तूफान और झमाझम बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से 5 मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृत मवेशी गांव के तीन किसानों के थे, जिससे उन्हें बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। इसके अलावा आंधी-तूफान के चलते कुछ ग्रामीणों के घर भी क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र में अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई और इसी दौरान गाज गिरने की घटना हुई। इस प्राकृतिक आपदा से न केवल मवेशियों की जान गई, बल्कि आसपास के क्षेत्र में भी नुकसान की खबरें सामने आ रही हैं। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## अंतर्राज्यीय बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश

**रायगढ़,5 अप्रैल।** पुलिस ने साइबर सेल और पूंजीपथरा थाना की संयुक्त कार्रवाई में एक अंतर्राज्यीय बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने चोरी की 21 मोटरसाइकिल बरामद करते हुए मुख्य आरोपी सुखदेव चौहान को गिरफ्तार किया है, जबकि उसका साथी शिव नागवंशी अभी फरार है और उसकी तलाश जारी है। इस गिरोह से जुड़े चोरी की बाइक खरीदने वाले 9 आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बरामद मोटरसाइकिलों की कुल कीमत करीब 15 लाख रुपये आंकी गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि लैलूंगा क्षेत्र के सुखदेव चौहान और शिव नागवंशी पूंजीपथरा, धरमजयगढ़ और ओडिशा के भीड़भाड़ वाले इलाकों से बाइक चोरी कर उन्हें सस्ते दामों में बेच रहे हैं। सूचना के आधार पर टीम ने सुखदेव को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने कई चोरी की घटनाओं को स्वीकार किया। पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपी पेचकस जैसे सामान्य औजारों की मदद से आसानी से बाइक का लॉक तोड़ लेते थे।



## पायलट को निकालने वाले अभियान के दौरान मार गिराए अमेरिका के हेलिकॉप्टर

**तेहरान,5 अप्रैल।** ईरान ने दावा किया है कि अमेरिका के पायलट को निकालने के अभियान के दौरान उसने कई अमेरिकी फ्लाइंग ऑब्जेक्ट्स को मार गिराया है। इसमें ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर का भी नाम लिया गया है। वहीं ईरानी मिडिया का कहना है कि ईरान के पांच लोग इस अभियान के दौरान मारे गए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी पीठ थपथपाते हुए ईरान में घुसकर पायलट को निकाल लाने का किस्सा बताया है। तो दूसरी तरफ ईरान का कहना है कि पायलट को बचाने के अभियान के दौरान अमेरिका के कई 'फ्लाइंग ऑब्जेक्ट्स' को तबाह कर दिया गया। इससे पहले ईरान के पुलिस कमांड ने कहा था कि दक्षिण इस्फहान में अमेरिका का सी-130 एयरक्राफ्ट मार गिराया गया है। पुलिस कमांड ने बताया कि ईरान के एयरोस्पेस, ग्राउंड फोर्स, पॉप्युलर यूनिट ने मिलकर जॉइंट ऑपरेशन चलाया था। खाटम अल अनबिया केंद्रीय मुख्यालय ने कहा कि ईरानी सशस्त्र बल के यूनिफाइड कमांड दो ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टरों को भी मार गिराया है। इससे पहले ईरान की सेना ने बताया था कि उसने दो इजरायली ड्रोन नष्ट किए हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने पायलट को सुरक्षित बचाने का दावा करते हुए कहा था कि उनकी सेना को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है और यह अभियान साबित करता है कि ईरान के आसमान में भी अमेरिका की ही चलती है।राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी दावा किया कि अमेरिका के हमले में ईरान के शीर्ष सैन्य अधिकारी मारे गए हैं। हालांकि डोनाल्ड ट्रंप ने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह 'भीषण हमला' कब किया गया, लेकिन उन्होंने एक वीडियो साझा किया जिसमें किसी स्थान से धुआं उठता दिखाई दे रहा है। यह अभी साफ नहीं है कि वीडियो नया है या पुराना और किस जगह को निशाना बनाया गया है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर कहा, 'ईरान के कई सैन्य अधिकारी इस भीषण हमले में तेहरान में खत्म कर दिए गए हैं।'

### *जादू-टोना के शक में महिला की हत्या*

***जशपुर,5 अप्रैल।*** *जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आ रही है। यहां जादू-टोना के शक में एक वृद्ध महिला को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया गया। बताया जाता है कि आरोपी छंदनु राम को लंबे समय से शक था कि गांव में अकेली रह रही वृद्ध महिला उसके परिवार पर जादू-टोना करती है। जानकारी के अनुसार, घटना बगीचा थाना क्षेत्र अंतर्गत गितारीपानी गांव की है, आरोपी का बच्चा अक्सर बीमार रहता था, जिसे लेकर वह महिला पर अंधविश्वास के चलते आरोप लगाता था। आरोपी ने गुस्से में आकर वृद्ध महिला पर डंडे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस ने आरोपी छंदनु राम को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।*

### *सुबोध सिंह जा रहे लंबी ट्रेनिंग में, मुकेश बंसल संभालेंगे सचिवालय का काम*

***रायपुर,5 अप्रैल।*** *मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह ट्रेनिंग में मसूरी जा रहे हैं। बता दें भारत सरकार में सचिव बनने के पहले फिफ्थ फेज की ट्रेनिंग जरूरी होती है। 3 सप्ताह की ट्रेनिंग 6 अप्रैल से शुरू होगी एवं 24 अप्रैल तक चलेगी। सुबोध सिंह की गैर मौजूदगी में तब तक मुख्यमंत्री सचिवालय के सचिव आईएएस मुकेश बंसल सीएम सचिवालय का दायित्व देखेंगे।*

### *जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष, एक की मौत*

***कांकेर,5 अप्रैल।*** *जमीनी विवाद में पखांजुर थाना क्षेत्र के ग्राम पी.व्ही. 27 में एक परिवार पर 10 से 12 लोगों ने हमला किया. इस हिंसक झड़प में एक शख्स बृजेश मजूमदार की जहां मौके पर ही मौत हो गई, वहीं कई घायल हो गए, जिनका पखांजूर सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है. मौके पर पहुंची पखांजूर पुलिस मामले की जांच में जुटी है.*

### कलेक्टर को सीईओ का प्रभार बदलने का अधिकार नहीं: हाईकोर्ट

**बिलासपुर,5 अप्रैल।** हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कलेक्टर की शक्तियों पर स्पष्ट सीमा तय करते हुए कहा है कि जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का प्रभार बदलने का अधिकार कलेक्टर को नहीं है। अदालत ने इस मामले में कलेक्टर के आदेश को निरस्त करते हुए याचिकाकर्ता शुभा दामोदर मिश्रा को पुनः उनके पद पर बहाल करने के निर्देश दिए। इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश पार्थ प्रतिम साहू ने की। मामला बिलासपुर के निवासी शुभा दामोदर मिश्रा से जुड़ा है। उन्हें 18 जून 2025 को सचिव, आदिम जाति विकास विभाग, रायपुर द्वारा जनपद पंचायत गौरेला (जिला जीपीएम) में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर पदस्थ किया गया था। वे जून 2025 से इस पद पर कार्यरत थीं।

इसी दौरान 11 मार्च 2026 को कलेक्टर, जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही ने आदेश जारी कर उन्हें सीईओ के प्रभार से हटाते हुए सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, गौरेला के कार्यालय में पदस्थ कर दिया।

### 45वीं राष्ट्रीय ओपन तथा 23वीं महिला टीम शतरंज प्रतियोगिता रायपुर में संपन्न

## खिलाड़ियों को खेल कैरियर गाइडेंस देना जरूरी

**जसवंत क्लॉडियस**

यह माना जाता है कि शतरंज खेल की शुरुवात भारत में हुई। 6वीं सदी में गुप्त साम्राज्य के अंतर्गत ईसा पूर्व छठवीं सदी में यह खेल शुरुवाती दौर में चतुरंगा के नाम से जाना जाता था। आगे चलकर यह खेल मुगल शासकों द्वारा परसिया तक पहुंच गया बाद में वहां से रुस व स्पेन होते हुए यूरोप तक पहुंचकर पूरी दुनियां में फैल गया । फिर आधुनिक काल में चतुरंगा को आखिरकर नियमों में कुछ बदलाव के साथ शतरंज नाम दिया गया।

आज संसार में भारत शतरंज की बड़ी शक्ति के रूप में जाना जाता है। शतरंज दो खिलाड़ियों के बीच सीधी भिड़ंत वाला खेल है। समय के परिवर्तन के साथ- साथ इसकी विभिन्न प्रतियोगिता के प्रारूप को आकर्षक व लोकप्रिय बनाने की कोशिश में खेल के संचालन के तरीके व नियम में कुछ बदलाव किये गये हैं. रायपुर में गत 16 से 22 मार्च तक राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा संपन्न हुई। छत्तीसगढ़ जैसे नये राज्यों में देश विदेश के प्रसिद्ध खेलों को लोकप्रिय बनाने की जिम्मेदारी मुख्य तौर पर शतरंज के राष्ट्रीय व स्थानीय राज्य स्तरीय फेडरेशन को है। इस दिशा में छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के पश्चात पिछले 25 वर्षों में अनेकों ओलंपिक तथा नान ओलंपिक खेलों की राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के प्रमुख शतरंज खिलाड़ियों में सुश्री किरण अग्रवाल, रविकुमार, एस धनंजय, श्रीनाथ राव है। इनमें से सिर्फ श्रीनाथ राव इंटरनेशनल मास्टर बने। छत्तीसगढ़ की ए टीम की ओर से टीम चैंपियनशिप में कप्तान रविकुमार के नेतृत्व में स्पर्श खंडलवाल, यशद बंबलेश्वर, विनोद शर्मा तथा शैलेष डाकलिया ने भाग लिया। महिला वर्ग में तनिषा ड्रोलिया (कप्तान) राशि वरुणकर, प्रतिष्ठा अहिरवार, परिधि, तथा अनिका शामिल थी। पीरधि ने महिला ग्रेंडमास्टर स्वाति घाटे को पराजित करके बड़ी उपलब्धि हासिल की। इस तरह की टीम चैंपियनशिप और महिला वर्ग की टीम चैंपियनशिप में भले ही छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने पदक हासिल नहीं किया परंतु इससे स्पष्ट हो गया कि हमारे प्रदेश में शतरंज के खेल को अपनाने वालों की कोई कमी नहीं है तथा आने वाले समय में अनुभव तथा प्रशिक्षण के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाने के काबिल हैं।

छत्तीसगढ़ में शतरंज की प्रतिभाओं में से एक 10 वर्षीया अनिका रेड्डी गोलुगुरी ने 60 वर्षीया महिला फीडे मास्टर सरिता को ड्रा करने पर मजबूर किया। इसके साथ ही इस प्रतियोगिता को जीतने वाले खिलाड़ियों का अध्ययन करने से पता चलता है कि ये सभी खिलाड़ी किसी ना किसी संस्था में कार्यरत हैं। अभी छत्तीसगढ में इस तरह की जागरूकता लाने की जरूरत है कि खेल चाहे जो भी हो खिलाड़ी एक बार ऊंचाई को प्राप्त कर लेता है तो फिर शासकीय गैर शासकीय, निजी संस्था, सार्वजनिक उपक्रम में उनको खेल कोटे से नौकरी मिल जाती है। यह भी सत्य है कि जब किसी खिलाड़ी का कैरियर उज्जवल है तो उनके माता पिता अभिभावक भी उन्हें ऐसे खेल में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। छत्तीसगढ़ में खेल से कैरियर की जानकारी को उपलब्ध करना उतना ही आवश्यक है जितना कि किसी स्पर्धा में भाग लेना या फिर किसी खेल में अभ्यास करना। इस स्पर्धा में 23 वीं नेशनल महिला टीम मुकाबले को पेट्रोलियम स्पोर्ट्स बोर्ड ने जीता जबकि एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया की महिला टीम दूसरे स्थान पर रही। पं. बंगाल, उत्तरप्रदेश, आंध्रप्रदेश तथा तेलांगाना ए ने क्रमशः तीसरे से छठा स्थान पाया। इसके साथ ही ओपन वर्ग में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड चैंपियन बनी।अब जबकि स्पष्ट है कि उपरोक्त सभी टीम के खिलाड़ी किसी न किसी संस्था में कार्यरत है जहां पर उनको सम्मानजनक पद के साथ अच्छी तनख्वाह मिलती है अतः ऐसी व्यवस्था की जाएं ताकि छत्तीसगढ़ के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भी प्रतिष्ठापूर्ण संस्था में अपनी सेवा देने का अवसर मिल सकेगा साथ ही साथ वे अपनी खेल प्रतिभा का भी प्रदर्शन कर सके ताकि न सिर्फ अपना बल्कि अपने परिवार, अपने राज्य ,अपने राष्ट्र का नाम रोशन कर सकेंगे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 अप्रैल।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शहर में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा सोनकर मोहल्ला से शाम 5 बजे प्रारंभ होकर बैकुंठ धाम में संपन्न हुई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे मार्ग में जयकारों एवं भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजन में बजरंग दल के प्रदेश पदाधिकारी भी शामिल हुए, जिनका दुर्ग जिला के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महेंद्र साव, राहुल जी, हेमंत साहू, कृष्ण राव एवं मुकेश सोनकर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बैकुंठ धाम में हुआ समापन

# 54वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय हैंडबॉल स्पर्धा में छग को कांस्य पदक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 अप्रैल।** उत्तर प्रदेश हैंडबाल संघ द्वारा हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में 30 मार्च से 03 अप्रैल तक आयोजित 54वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की महिला टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। फ्यूचर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, बरेली में आयोजित इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ को पूल 'ई' में गुजरात एवं उत्तराखंड के साथ रखा गया था। अपने पहले मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने उत्तराखंड को 17-02 गोलों से हराया, जबकि दूसरे मैच में गुजरात को 26-16 गोलों से पराजित कर प्री-क्वार्टर




फाइनल में प्रवेश किया। प्री-क्वार्टर फाइनल में छत्तीसगढ़ ने बिहार को 26-09 गोलों से हराया। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में पंजाब को 28-23 गोलों से पराजित कर टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में छत्तीसगढ़ का मुकाबला हिमाचल प्रदेश से हुआ, जिसमें टीम 18-32 गोलों से पराजित हो गई और कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। छत्तीसगढ़ को दिल्ली के साथ संयुक्त रूप से कांस्य पदक प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश ने फाइनल में उत्तर प्रदेश को हराकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि उत्तर प्रदेश को रजत पदक प्राप्त हुआ। टीम की प्रशिक्षक श्रीमती जूनियट विनय एवं प्रबंधक विजय बहादुर के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

## एक नजर

### काम के दौरान करंट लगने से ठेका श्रमिक की मौत



**भिलाई, 5 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रिसाली निगम में कार्यरत एक ठेका श्रमिक की करंट लगने से मौत हो गई मृतक का नाम रोशन देवांगन बताया गया है। जानकारी के मुताबिक मृतक रोशन रिसाली क्षेत्र में बिजली सुधार काम कर रहा था इस दौरान वह बिजली तारों के चपेट में आया गया, और करंट लगने से मौत हो गई।

### जिला पंचायत विकास की दिशा में अग्रसर, ग्रामीणों में हर्ष

**कवर्धा, 5 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** डिप्टी सीएम विजय शर्मा भैया के मार्गदर्शन में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ललिता रूप सिंग धुर्वे के सार्थक प्रयासों से गांवों में विकास की तस्वीर दिख रही है। गांव गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सुंदर आवास बन रहे है जिससे गरीब परिवार ओर किसानों, महिलाओं एवं परिवार में खुशी दिख रही है। मनरेगा योजना के तहत किसानों, युवाओं, महिलाओं को रोजगार मिल रहे है। स्टॉप डेम बनाए गए जिससे सिंचाई व्यवस्था बेहतर हुई है ओर किसानों में भी हर्ष व्याप्त है। सड़को का जाल बिछने से विकास की तस्वीर दिख रही है। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ललिता रूप सिंग धुर्वे ने बताया की गुणवत्ता युक्त विकास कार्य जारी है और शासन की योजनाओं का लाभ अच्छे से हितग्राहियों तक पहुंचे जिस पर हमेशा फोकस रखा जाता है। सभी लोगों से विनम्र अपील है की जल संरक्षण के प्रति हमेशा जागरूक रहे क्योंकि जल ही जीवन है।



### ग्राम हरमो में विकास कार्य का भूमिपूजन, ग्रामीण खुश



**कवर्धा, 5 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम पंचायत कटगो के आश्रित ग्राम हरमो में राशि 17.59लाख का तटबंध निर्माण कार्य और 1.50 लाख रुपए का रंग मंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन किए। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू ने बताया की डिप्टी सीएम विजय भैया के मार्गदर्शन में विकास युद्ध स्तर पर जारी है। मुख्य रूप से उपस्थित छ.ग. राज्य पुलिस जवाबदेही प्राधिकार के सदस्य आदरणीय बड़े भैया भगत पटेल, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू, भोरमदेव मंडल कार्यकारिणी सदस्य रजऊ साहू, अशोक घृतलहरे, पूर्व सरपंच यशवंत मेरावी, मैकलाल साहू, सुमरन पटेल, दीपचंद साहू और ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण थे।

### शहर में मनाया जा रहा ईस्टर संडे, चर्चों में विशेष प्रार्थना

**भिलाई, 5 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शहर में आज ईस्टर संडे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग शामिल हुए। सुबह से ही चर्चों में भक्तों की भीड़ देखने को मिली। लोगों ने प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान की खुशी में प्रार्थनाएं कीं और एक-दूसरे को ईस्टर की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर चर्चों को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा विशेष पूजा-अर्चना की गई। मसीही समाज के प्रमुख एवं सेंट मेरी प्रेस के संचालक जॉन जोसफएवं सिसिली जॉन ने नागरिकों को ईस्टर की शुभकामनाएं देते हुए प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश दिया। धार्मिक मान्यता के अनुसार ईस्टर संडे, प्रभु यीशु मसीह के पुनर्जीवित होने का प्रतीक है, जो प्रेम, त्याग और आशा का संदेश देता है। इस दिन लोग परिवार और मित्रों के साथ मिलकर खुशियां मनाते हैं तथा समाज में भाईचारे और शांति का संदेश फैलाते हैं।

## क्षेत्र में दो अलग-अलग सुसाइड का मामला सामने आया

# पुरानी भिलाई में 11वीं की छात्रा और स्मृति नगर में बीसीए के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 अप्रैल।** दो अलग-अलग जगहों पर दो स्टूडेंट्स ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली पुरानी भिलाई थाना अंतर्गत में 11वीं की छात्रा घर में फंदे पर झूल गई उसने सुसाइड नोट में सॉरी मम्मी-पापा लिखा है और कहा कि अब कभी परेशान नहीं करूंगी वहीं स्मृति नगर चौकी क्षेत्र में एक निजी कॉलेज में बीसीए की पढ़ाई कर रहे एक छात्र ने सुसाइड कर लिया।

दोनों ही मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सुपेला अस्पताल भेज दिया है। पुरानी भिलाई पीआई अंबर सिंह भारद्वाज ने बताया कि अकलोरडीह इलाके में रहने वाली वीणा ठाकुर (17) 11वीं की छात्रा थी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जरवाय में पढ़ती थी सुबह करीब 3 बजे पढ़ाई करने के लिए ऊपर कमरे में गई थी। सुबह करीब 6 बजे परिजनों ने दरवाजा



खटखटाया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद परिजनों और मोहल्ले के लोगों ने दरवाजा तोड़ा तो वीणा दुपट्टे से पंखे के सहारे फंदे पर लटकी मिली। पुलिस को मौके से एक सुसाइडल नोट भी मिला है। इसमें वीणा ने अपनी मां, पिता, मामा-मामी और परिवार के बाकी लोगों से माफी मांगी है। उसने लिखा है कि सॉरी मम्मी-पापा, मामा-मामी, अब कभी परेशान नहीं करूंगी। पुलिस सुसाइड नोट और परिवार के बयान के आधार पर मामले की जांच कर रही है। मृतका के मामा विष्णु ने बताया कि वीणा उनकी भांजी थी और बचपन से उनके साथ ही रह रही थी उसकी मां की वर्ष 2011 में मौत हो गई थी। इसके बाद वह उसे अपने साथ लाकर पढ़ा-लिखा रहे थे। शुक्रवार को वह अपने पिता और रिश्तेदारों से मिलने गई थी और रात में वापस घर लौटी थी। सुबह पढ़ाई के लिए ऊपर गई और कुछ देर बाद उसकी आत्महत्या की खबर मिली।

### ऑटो ड्राइवर का बेटा पंखे से लटका मिला



स्मृति नगर चौकी प्रभारी राजेश साहू ने बताया कि कोहका के आर्यनगर वार्ड नंबर-12 निवासी ऑटो ड्राइवर के बेटे उमेश कुमार साहू (19) ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उमेश एक निजी कॉलेज में कंप्यूटर साइंस सेकंड ईयर का छात्र था?बीसीए की पढ़ाई कर रहा था। घटना देर रात से सुबह के बीच की बताई जा रही है। परिजनों के अनुसार, सुबह काफी देर तक उमेश ने कमरे का दरवाजा नहीं खोला तो घरवालों को शक हुआ। दरवाजा धक्का देकर खोला गया तो उमेश पंखे से फंदे पर लटका मिला। उमेश के पिता ने बताया कि वह सुबह काम पर निकल गए थे परिवार से फोन आया कि उमेश ने फांसी लगा ली है? परिजनों का कहना है कि उमेश पढ़ाई में ठीक था और उस पर किसी तरह का दबाव भी नहीं था पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# दो किलो गांजा और 2.3 ग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 अप्रैल।** प्रदेश में पहली बार दुर्ग पुलिस ने हाइड्रोपोनिक गांजा जब्तकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों के कब्जे से लगभग 2 किलोग्राम गांजा, 2.3 ग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा, चिलम, रोलिंग पेपर (गोगो पेपर), लाइटर, सिगरेट एवं बीड़ी, 1 नग मोबाइल, नगदी रकम जब्त किया है।

भिलाई नगर टीआई जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि बोरसी रोड स्थित बीज विकास निगम के पास रुआबांधा क्षेत्र में कुछ व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री कर रहे हैं तथा नशा सेवन के लिए सामग्री भी उपलब्ध करा रहे हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से सामान्य गांजा के साथ-साथ हाइड्रोपोनिक विधि से उगाया गया उच्च गुणवत्ता का गांजा बरामद किया गया, जो सामान्य गांजा की तुलना में अधिक प्रभावी एवं महंगा होता है तथा विशेष रूप से नशे के लिए उपयोग में लाया जाता है।

इस मामले में आरोपियों विक्रम साहू (29) निवासी मोंगरा 101 फेस बी, तालपुरी व यश विश्वकर्मा (27) निवासी एमआईजी 1/ 982, हुडको के खिलाफ धारा 20 (ख), 27 (ए), 29 एनडीपीएस एक्ट प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है प्रकरण में मादक पदार्थ के स्रोत एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों की पतासाजी की जा रही है।

# एसएमएस-3 में लैडल बेली स्टैंड का इन-हाउस निर्माण व कमीशनिंग



**भिलाई, 5 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में इन-हाउस नवाचार के माध्यम से दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं, आरएच डिगैसर के प्रोपेन से कोक ओवन गैस (सीओजी) में रूपांतरण तथा अतिरिक्त लैडल बेली स्टैंड के निर्माण को पूर्ण कर संचालनिक दक्षता और आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की गई है। इन परियोजनाओं का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार द्वारा वरिष्ठ प्रबंधन की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक बी. के. बेहरा, मुख्य महाप्रबंधक पी. के. सिंह तथा मुख्य महाप्रबंधक त्रिभुवन बैठा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही इस कार्यक्रम में महाप्रबंधक प्रद्युम्न सतपथी, महाप्रबंधक डी. विजित, महाप्रबंधक प्रमोद अग्रवाल, महाप्रबंधक उमाशंकर परगनिहा एवं महाप्रबंधक दिलीप वार्ष्णेय भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने संबोधन में कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने इसे संचालनिक सुदृढ़ता, लागत अनुकूलन एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। आरएच सीओजी कन्वर्जन प्रणाली का डिज़ाइन महाप्रबंधक अजीत नारायण के नेतृत्व एवं महाप्रबंधक संजीब मिश्रा के मार्गदर्शन में इन-हाउस विकसित किया गया। इसका सफल निष्पादन सहायक महाप्रबंधक प्रोनब रॉय एवं वरिष्ठ प्रबंधक आशुतोष सिंह द्वारा सहयोगी टीम केएमसी के साथ किया गया। वहीं, अतिरिक्त लैडल बेली स्टैंड का डिज़ाइन उप महाप्रबंधक राकेश वृष्णवंशी, उप महाप्रबंधक रजत सरकार एवं उप महाप्रबंधक मोहम्मद जावेद अंसारी द्वारा महाप्रबंधक संजीबा मिश्रा तथा महाप्रबंधक हिमांशु भूषण मलिक के मार्गदर्शन में तैयार किया गया।

# केंद्रीय यांत्रिकी संगठन में पुरस्कार समारोह में 19 किए गए पुरस्कृत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 अप्रैल।** केंद्रीय यांत्रिकी संगठन में शाबाश योजना के अंतर्गत पुरस्कार वितरण समारोह का सफल आयोजन किया गया। समारोह में विभिन्न विभागों से कुल 07 कार्यपालक एवं 12 गैर-कार्यपालक कर्मियों को शाबाश÷ स्कीम (कैटेगरी-2) के अंतर्गत पुरस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि एस.के. बेहेरा एवं प्रमोद कुमार ने चयनित कर्मियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। पुरस्कृत कर्मियों में सुनील कुमार, संजेश, राजेश नायर, विजयकुमार सैनी, अरविंदर सिंह चाना, राकेश चौधरी, शिव प्रसाद, दीपक कुमार यादव एवं आदित्य कुमार साहू सहित



अन्य कर्मी शामिल रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने सभी पुरस्कृत कर्मियों को बधाई देते हुए उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कर्मियों की प्रतिबद्धता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन संयंत्र को वार्षिक उत्पादन लक्ष्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान देता है तथा संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में सहायक सिद्ध होता है।

साथ ही उन्होंने सभी कर्मियों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रेरित किया। मुख्य महाप्रबंधक ने वर्ष 2025-26 की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए पुरस्कृत कर्मियों की भूमिका को विशेष रूप से सराहा तथा आगामी चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। समारोह में आशीष घोष, नबर्षी राय, वर्गीस पी. जॉन, राकेश पाण्डे, बी.एन. झा, आर.के. बोराह, मुजीब हुसैन, मेजी मेजर सिंह, प्रदीप्ता भौमिक एवं राहुल निगम सहित संगठन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बीएसपी कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत पीएफ लोन प्रक्रिया होगी ऑनलाइन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 अप्रैल।** भिलाई इस्पात मजदूर संघ के सतत प्रयासों के फलस्वरूप भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों को बड़ी सुविधा मिलने जा रही है। संयंत्र प्रबंधन द्वारा नॉन-रिफंडेबल सीपीएफ लोन निकालने की प्रक्रिया को जल्द ही पूरी तरह ऑनलाइन करने का निर्णय लिया गया है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद कर्मचारियों को बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने और जटिल कागजी प्रक्रिया से मुक्ति मिलेगी। इससे लोन आवेदन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, तेज और सुविधाजनक हो जाएगी। संघ से जुड़े सीपीएफ ट्रस्टी दिल्ली राव एवं आईपी मिश्रा द्वारा लंबे समय से इस प्रक्रिया के सरलीकरण हेतु प्रबंधन के समक्ष सुझाव दिए जा रहे थे। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप अब प्रबंधन ने तकनीकी सुधार करते हुए ऑनलाइन प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है। ऑनलाइन व्यवस्था में कर्मचारियों की लोन पात्रता से जुड़े संदेहों को भी स्पष्ट किया गया है, जिससे कर्मचारियों को काफी लाभ होगा। ट्रस्टियों ने यह भी जानकारी दी कि टेंपरेरी लोन में टॉप-अप की सुविधा को लेकर भी जल्द समाधान किया जाएगा। संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य कर्मचारियों ने समय-समय पर कर्मचारियों की समस्याओं को ट्रस्टियों तक पहुंचाया। इस दिशा में वशिष्ठ वर्मा, हरिशंकर चतुर्वेदी, शारदा गुप्ता, विनोद उपाध्याय, अविनाश वेगी, भानु साहू, रणधीर, संजय साकुरे, अखिलेश उपाध्याय, राकेश उपाध्याय एवं उषाकर चौधरी का विशेष योगदान रहा।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम लागू, उत्पादकों के लिए ऑन-साइट प्रोसेसिंग अनिवार्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 अप्रैल।** केंद्र सरकार द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 लागू किए जाने के साथ ही देश में कचरा प्रबंधन की व्यवस्था में बड़ा बदलाव शुरू हो गया है। 1 अप्रैल से प्रभावी इन नियमों का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और जीरो वेस्ट लक्ष्य को हासिल करना है।नगर पालिक निगम भिलाई ने बताया कि नए नियमों के तहत अब लैंडफिल पर निर्भरता कम करते हुए कचरे के पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण को प्राथमिकता दी जाएगी। बिना छंटाई के कचरा फेंकने पर अतिरिक्त शुल्क देना होगा, जबकि केवल अनुपयोगी कचरे को ही लैंडफिल में भेजा जाएगा। नियमों के अनुसार कचरे को ठोस, तरल, खतरनाक एवं जैविक श्रेणियों में विभाजित करना अनिवार्य किया गया है। वहीं, चिकित्सा कचरे को अलग से बायोमेडिकल वेस्ट के रूप में प्रबंधित किया जाएगा। नए प्रावधानों के तहत 20 हजार वर्ग मीटर से बड़े भवन, प्रतिदिन 100 किलोग्राम से अधिक कचरा उत्पन्न करने वाली इकाइयां और बड़े संस्थानों को थोक अपशिष्ट उत्पादक की श्रेणी में रखा गया है। इनके लिए परिसर के भीतर ही गीले कचरे का निपटान यानी ऑन-साइट प्रोसेसिंग अनिवार्य किया गया है। ऐसा न करने की स्थिति में विस्तारित उत्तरदायित्व प्रमाणपत्र लेना होगा। नियमों के पालन की निगरानी के लिए केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से रियल-टाइम मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी की गई है। नगर निगम के अनुसार, इस पहल से जहां शहरों की स्वच्छता में सुधार होगा, वहीं कचरे से खाद और ऊर्जा उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पहल अपशिष्ट प्रबंधन को केवल सफाई तक सीमित न रखकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में स्थापित करेगी।

# सेल के स्वदेशी स्पेशल स्टील से आईएनएस तारागिरी को मिली मजबूती




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 अप्रैल।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने भारतीय नौसेना के नीलगिरी-श्रेणी (प्रोजेक्ट 17 ए) के चौथे स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस तारागिरी के निर्माण में अहम योगदान दिया है। इस अत्याधुनिक युद्धपोत को 03 अप्रैल को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। इस युद्धपोत का निर्माण मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा किया गया है, जिसमें सेल द्वारा आपूर्ति किए गए लगभग 4, 000 टन विशेष ग्रेड के स्टील प्लेटों का उपयोग किया गया। यह विशेष इस्पात सेल के बोकारो, भिलाई और राउरकेला स्थित एकीकृत इस्पात संयंत्रों में तैयार किया गया। सेल देश के रक्षा स्वदेशीकरण अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और सरकार के आत्मनिर्भर भारत एवं मेक इन इंडिया जैसे अभियानों को निरंतर मजबूती प्रदान कर रहा है। कंपनी इससे पहले भी कई महत्वपूर्ण नौसैनिक परियोजनाओं के लिए स्पेशल स्टील उपलब्ध करा चुकी है, जिनमें स्वदेशी विमान वाहक आईएनएस विक्रांत तथा प्रोजेक्ट 17 ए के अन्य युद्धपोत– आईएनएस नीलगिरी, आईएनएस हिमगिरि और आईएनएस उदयगिरि शामिल हैं।

## जामगांव एम में चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय चंद्राकर समाज दुर्गराज महाअधिवेशन में

# संगठन, शिक्षा, महिला उत्थान व आर्थिक उन्नति पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 5 अप्रैल।** चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय चंद्राकर समाज के गौरव एवं एकता को सशक्त बनाने हेतु 56 वां विशाल महा अधिवेशन का आयोजन 5 अप्रैल रविवार को जामगांव एम में किया जा रहा है।

उपक्षेत्र जामगांव एम के अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर ने बताया कि इस महाधिवेशन में



हमारे बीच प्रदेश के प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधियों में प्रथम सत्र में मुख्यातिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, अध्यक्षता दुर्गराज के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग, मान ललित चंद्राकर उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग छत्तीसगढ़ शासन एव विधायक दुर्ग ग्रामीण सहित अन्य अतिथिगण रहेंगे वही द्वितीय सत्र में मुख्यातिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन एव विधायक पाटन, अध्यक्षता प्रदीप चंद्राकर अध्यक्ष दुर्गराज, एव अन्य सामाजिक पदाधिकारी एव जनप्रतिनिधिगण की गरिमामयी उपस्थित रहेंगे।,

श्री चंद्राकर ने बताया कि यह महाअधिवेशन समाज के संगठन, शिक्षा, युवा सशक्तिकरण, महिला उत्थान एवं आर्थिक उन्नति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित रहेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को मुख्यधारा से जोड़ना, महिला, युवा, किसान एवं व्यापारी वर्ग की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना, सामाजिक एकता एवं संगठन को मजबूत करना है। आप सभी से सादर आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस महाअधिवेशन को सफल बनाएं एवं समाज की एकता और शक्ति का परिचय दें।

## एक नजर

### अवैध शराब बिक्री करने वाला गिरफ्तार

**सिमगा 5 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 03.04.2026 को ÷समाधान सेल÷ में प्राप्त सूचना के आधार पर सिमगा पुलिस टीम द्वारा ग्राम करहुल तालाब के पास में घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान एक आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी सरगर्मी से पता तलाश की जा रही है। आरोपी शराब कोचिया से ?3500 कीमत मूल्य का 35 पाव देशी मसाला शराब एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल क्र. छ्त्त22 ॔ स्न 1973 एवं एक्टिवा स्कूटी क्र. छ्त्त22 ॔ स्न 7996 जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिमगा में धारा 34(2) आबकारी के तहत अपराध क्र. 137/2026 पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की गई है।

### छूटे हुए हितग्राहियों के लिये आयुष्मान पंजीयन विशेष शिविर 7 अप्रैल से

**बलौदाबाजार 5 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिले में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के पंजीयन हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में 7 अप्रैल 2026 से जिले के सभी विकासखंडों के चयनित ग्रामों में विशेष पंजीयन शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में विशेष रूप से छूटे हुए हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि विशेष शिविरों के माध्यम से तथा शासकीय अस्पतालों एवं चिन्हित निजी अस्पतालों में भी आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष रूप से 1 से 5 वर्ष तक के बच्चों के आयुष्मान पंजीयन हेतु विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं।उन्होंने बताया कि मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में बच्चों के शत-प्रतिशत आयुष्मान पंजीयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं ताकि कोई भी पात्र बच्चा योजना के लाभ से वंचित न रहे। ऐसे सभी पात्र नागरिक जिनका अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, वे आवश्यक दस्तावेज (आधार कार्ड, राशन कार्ड आदि) के साथ निकटतम शिविर स्थल या पंजीयन केंद्र में जाकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।पंजीयन की प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है।अधिक जानकारी के लिए आयुष्मान भारत योजना के टोल फ्री नंबर 14555 तथा स्वास्थ्य हेल्पलाइन 104 पर संपर्क किया जा सकता है।

### अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाला गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 5 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना ÷समाधान सेल÷ प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी ÷समाधान सेल÷ हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। ÷समाधान सेल÷ के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 04.04.2026 को ÷समाधान सेल÷ में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना गिधौरी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम सेमरा में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से ?2000 कीमत मूल्य का 10 लीटर अवैध हांथ भट्ठी कच्ची महुआ जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना गिधौरी में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### राजधानी रायपुर में इस साल बनेंगे 4 फ्लाईओवर

**रायपुर,5 अप्रैल।** राजधानी रायपुर में इस साल 4 फ्लाईओवर्स के काम शुरू होंगे। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव के निर्देश पर विभाग ने चारों फ्लाईओवर्स के लिए कुल 360 करोड़ 35 लाख 93 हजार रुपए मंजूर किए हैं। इन फ्लाईओवर्स के निर्माण से शहर के व्यस्त यातायात को तेज, स्मूथ और सुव्यवस्थित करने में मदद मिलेगी। शहरवासी इनके निर्माण की मांग लंबे समय से कर रहे थे। लोक निर्माण विभाग ने शहर के बीच जी.ई. रोड पर गुरू तेज बहादुर उद्यान से तेलीबांधा के नेताजी सुभाष चौक तक फ्लाईओवर के लिए 172 करोड़ 86 लाख 28 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं।

# दो माह का प्रयास, 20 साल का जुड़ाव : सुनील माहेश्वरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा 5 अप्रैल।** पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बूथ गठन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा के द्वारा कांग्रेस सृजन अभियान के तहत पंचायत बूथ कमेटी गठन हेतु जिला प्रभारी कन्हैया अग्रवाल जी,जिला अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा धृतलहरे जी,प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी जी एवं ब्लॉक प्रभारी श्रीमती उमा अनंत जी के उपस्थिति में बैठक संपन्न हुआ।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि पंचायत बूथ गठन संगठन की रीढ़ है। हर वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता को एक बूथ का अध्यक्ष बनकर बूथ स्तर तक कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाना होगा।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा धृतलहरे ने अपने संबोधन में कहा कि मजबूत बूथ ही चुनाव में जीत की आधारशिला होते हैं, इसलिए हर ग्राम पंचायत में पंचायत अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष के 12 सदस्यों की मजबूत टीम बनाना है। जिसका लाभ आने वाले चुनाव में कांग्रेस को मिलेगा। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने कहा कि कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करना होगा और गांव-गांव तक कांग्रेस की विचारधारा को पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। हम कार्यकर्ताओं की बीच दो महीना रहते हैं तो 20 साल का संबंध बनता है।

ब्लॉक प्रभारी श्रीमती उमा अनंत ने कहा कि पंचायत स्तर पर महिलाओं और युवाओं की भागीदारी बढ़ाना जरूरी है, तभी संगठन और अधिक सशक्त होगा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने कहा कि आगामी एक माह के अंदर पंचायत एवं बूथ कमेटी का गठन कर लिया जाएगा। जिसके लिए मंडल स्तर पर प्रभारी भी नियुक्त कर दिए गए हैं।

वरिष्ठ नेता कुबेर यदु ने कहा कि पंचायत बूथ अध्यक्ष के गठन के साथ साथ क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर भाजपा को घेरना होगा। और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ लड़ना होगा । उक्त बैठक को पूर्व जिला पंचायत सदस्य अभिनव यद्दु, पूर्व अध्यक्ष भागवत सोनकर , चंदू साहू,विवेक अग्रवाल, दीनबंधु शर्मा, मोहन गायकवाड़, मो अय्यूब, डॉ कृष्ण कुमार नायक ने भी संबोधित कर अपना मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में विष्णु कोसले जी,कुंजराम साहू जी, गोलू साहू जी, मंडल अध्यक्ष मांधाता साहू जी, अशोक देवांगन जी, हीरालाल साहू जी, भिखारी गहरे जी, श्याम देवांगन जी, शेष साहूजी , राहुल शर्मा,कान्हा यदु, अजीत भट्ट, देवचरण मार्कंडेय, ढ़ेलू साहू, अश्वनी बारले,हेमलाल साहू, लोमन घृतलहरे, पार्षद मो याकूब, परदेशी सोनकर जी, कोमल टंडन जी, ललित देवांगन जी,यश शर्मा, विक्की मानिकपुरी,विक्की पांडे, कृष्ण कुंजाम,हितेश साहू, लक्की लहरे,दाऊ यदु, मोहन यदु, झाड़ू साहू, लल्लू पाटकर, धनसिंघ साहू, दिनेश साहू, डोमेश्वर वर्मा, उत्तम वर्मा एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# सुशासन या संरक्षण नगरी उपवन मंडल में भ्रष्टाचार का साम्राज्य, सिस्टम पर गंभीर सवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 5 अप्रैल।** राज्य में 'जीरो टॉलरेंस' और 'सुशासन' के बड़े-बड़े दावों के बीच धमतरी के नगरी वन उपमंडल से जो तस्वीर सामने आ रही है, वह न सिर्फचिंताजनक है बल्कि शासन-प्रशासन की विश्वसनीयता पर भी सीधा सवाल खड़ा करती है। विष्णु देव साय की सख्त चेतावनियों के बावजूद जमीनी स्तर पर हालात कुछ और ही कहानी बयां कर रहे हैं।

नगरी वन उपमंडल में पदस्थ एसडीओ पर आरोप है कि वह योजनाओं को 'कमाई का जरिया' बनाकर सरकारी धन की खुलेआम बंदरबांट कर रहा है। हैरानी की बात यह है कि लगातार शिकायतों के बावजूद उच्च अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं–यह चुप्पी ही अब मिलीभगत की ओर इशारा कर रही है।

#### करोड़ों का स्टॉप डैम घोटाला

वन्यजीव संरक्षण और जल प्रबंधन के नाम पर बनाई गई स्टॉप डैम योजनाएं कथित तौर पर भ्रष्टाचार का अड्डा बन गई हैं। कागजों में करोड़ों खर्च, लेकिन जमीन पर काम नदारद–यह सीधे-सीधे सरकारी खजाने की लूट का मामला प्रतीत होता है।

सांकरा परिक्षेत्र में नया कार्यालय भवन स्वीकृत होने के बावजूद पुराने कार्यालय में मरम्मत के नाम पर लाखों रुपए खर्च दिखाए गए। गेट-खिड़की जैसे कामों के फर्जी बिल लगाकर राशि निकाल ली गई, जबकि जमीनी हकीकत इससे मेल नहीं खाती।

#### गुप्त कार्य, जिम्मेदारों को भी जानकारी नहीं

निर्राबेड़ा से घोरागांव मार्ग पर पुलिया के पास मुरूम कार्य का मामला और भी गंभीर है। वन परिक्षेत्र कार्यालय तक को इसकी जानकारी नहीं–ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर यह काम किसके आदेश से और किसके संरक्षण में हुआ?

सूत्रों के मुताबिक, एसडीओ अपने पद का दबाव बनाकर कर्मचारियों से फर्जी वाउचर साइन करवाता है। विरोध करने वालों को डराया जाता है–यह सिर्फ भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि प्रशासनिक दमन का भी मामला बनता जा रहा है।

आरोप यह भी है कि निजी वाहन में पेट्रोल भरवाकर सरकारी नंबर से बिल लगाया जा रहा है। यह सीधे-सीधे शासकीय धन के दुरुपयोग का मामला है, जो नियमों की खुली अवहेलना दर्शाता है। जब इस पूरे मामले पर सवाल उठाए जाते हैं, तो जवाब देने के बजाय जिम्मेदार अधिकारी अभद्र व्यवहार पर उतर आते हैं। सूचना छुपाना और सवालों से बचना–यह पारदर्शिता के दावों को खोखला साबित करता है।

#### सबसे बड़ा सवाल: कार्रवाई क्यों नहीं?

लगातार शिकायतें वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंच रही हैं, लेकिन कार्रवाई का अभाव यह संकेत देता है कि कहीं न कहीं 'ऊपर तक सेटिंग' का खेल चल रहा है। अगर समय रहते जांच नहीं हुई, तो यह मामला पूरे वन विभाग को अपनी चपेट में ले सकता है। जनता पूछ रही है– क्या यही है सुशासन?क्या भ्रष्ट अधिकारियों को संरक्षण मिलता रहेगा?

अगर सरकार वाकई अपनी 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर गंभीर है, तो इस पूरे मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच अनिवार्य है। पिछले तीन वर्षों में हुए सभी कार्यों का ऑडिट ही सच्चाई सामने ला सकता है। नगरी वन मंडल का यह मामला सिर्फएक अधिकारी तक सीमित नहीं दिखता, बल्कि यह पूरे सिस्टम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। अब देखना यह है कि शासन इस पर सख्त कदम उठाता है या फिर 'सुशासन' सिर्फ एक नारा बनकर रह जाता है।

## दो शराब कोचिए गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 5 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 04.04.2026 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना पलारी पुलिस टीम द्वारा ग्राम जंगलोर एवं नहर पुलिया के पास पलारी में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचियों से 02 अलग-अलग मामलों में आरोपियों से ?12,400 कीमत मूल्य का 12 लीटर अवैध महुआ शराब एवं 100 पाव देशी मसाला शराब तथा एक सोल्ड स्कूटी वाहन जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना पलारी में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की गई है।

## तेज आवाज में डीजे बजाने वाले साउंड सिस्टम संचालक पर की गई कार्रवाई

**बलौदाबाजार 5 अप्रैल।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित समय सीमा के उपरांत तथा तय सीमा से अधिक, तीव्र आवाज में मालवाहक वाहन में डीजे एवं धूमाल बजाने वाले संचालकों पर कड़ी कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया है। उक्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा आज दिनांक 03.04.2026 की रात्रि निर्धारित समय सीमा के उपरांत, तीव्र आवाज में मालवाहक वाहन में डीजे साउंड सिस्टम बजाने वाले डीजे संचालक के विरुद्ध कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। कल दिनांक 03.04.2026 की रात्रि सूचना मिली कि भाठागांव में डीजे संचालक द्वारा मालवाहक वाहन में बहुत ही तीव्र आवाज में डीजे साउंड सिस्टम बजाया जा रहा है। कि उक्त सूचना पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर पिक अप




क्र. छ्त्त13 स्8096 डीजे संचालक अनावेदक शेख सलमान खान उम्र 28 साल निवासी दशरमा रोड बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली के विरुद्ध 1995 की धारा कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही कर पिकअप वाहन क्र. छ्त्त13 स्8096 सहित संपूर्ण डीजे साउंड सिस्टम जप्त किया गया है। नियमों का पालन नहीं करने वाले डी.जे. एवं धुमाल संचालकों के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा ।

## पीडीएस का चावल नहीं मिलने से ग्रामीण नाराज

सेल्समैन ने कहा- तकनीकी खराबी के चलते नहीं मिला राशन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 5 अप्रैल।** महिलाओं ने कहा की जब तक मार्च माह का राशन नहीं मिलेगा तब तक राशन दुकान नहीं खुलने देंगे -गरीबों की थाली भरने वाली सरकारी राशन व्यवस्था रायपुर जिले के तिल्दा ब्लॉक में सवालों के घेरे में है. ग्राम पंचायत सिलपट्टी में लगभग 700 परिवार ऐसे हैं. जिनकी रसोई महीनों से सरकारी चावल का इंतजार कर रही है.. आज ग्राम पंचायत भवन सरोरा में गांव के सैकड़ो महिला पुरषों के बैठक कर निर्णय लिए है की जब तक मार्च माह का राशन नहीं मिलेगा तब तक राशन दुकान नहीं खुलने देंगे

गरीब लोगों को नहीं मिल रहा राशन

ग्राम पंचायत सरोरा के सरपंच प्रतिनिधि विश्राम साहू ने बताया कि उचित मूल्य की दुकान से पिछले महीने भी लेट से राशन का वितरण किया गया.तथा आधे से भी ज्यादा कार्ड धारियों को राशन नहीं मिल पाया है जिससे गरीब परिवारों के सामने भोजन का संकट खड़ा हो गया है मेरे द्वारा क्षेत्रीय विधायक ,तहसीलदार और फूड इंस्पेक्टर को समस्या से अवगत करा दिया गया है परन्तु उनके द्वारा भी समस्या का हल नहीं निकाला गया .सेल्स मेन रमेश पात्रे ने बताया की सर्वर डाउन होने के कारण लोगों के सिगनेचर नहीं हो पाया है आगे राशन नहीं मिल पायेगा आज नाराज ग्रामीणों ने एकजुट होकर कहा है की सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय जाकर सम्बंधित अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा।

## गालीगलौज करने के आरोप में युवक किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 5 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 03.04.2026 के रात्रि 07:30 बजे आरोपी शौरभ माथूर हाथ में तलवार लिए, अश्लील गाली-गलौज करते हुए गली में जा रहा था, जिसे प्रार्थिया के पति द्वारा समझाइस देने पर आरोपी द्वारा अश्लील गाली गलौच करते हुए तलवार लहराकर जान से मारने की धमकी दिया गया। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 148/2026 धारा 296,251(2) बीएनएस एवं 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी शौरभ को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा ग्राम छेरकापुर के गली मोहल्ले



में तलवार लहराना एवं प्रार्थिया के पति को जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी से एक जंग लगा लोहे का तलवार जप्त किया गया है तथा प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 04.04.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने रजत जयंती उद्यान को जनसेवा में किया समर्पित

**रायपुर, 5 अप्रैल।** प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने रजत जयंती उद्यान को जनसेवा के लिए समर्पित किया। नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 38 लालघाट चेकपास्ट बस्ती के रहवासियों को आज एक सर्वसुविधायुक्त उद्यान की सौगात प्राप्त हुई है। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, पार्षद चेतन सिंह मैत्री, सत्येन्द्र दुबे, मुकुंद सिंह कंवर, मंगल बंदे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।




नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बालको जोनांतर्गत वार्ड क्र. 38 लालघाट के चेकपोस्ट बस्ती मुख्य मार्ग में 21 लाख 50 हजार रूपये की लागत से सर्वसुविधायुक्त उद्यान का निर्माण कार्य कराया गया है, छत्तीसगढ़ गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्ष 2025 से मनाये जा रहे रजत जयंती समारोह के तहत उक्त उद्यान का नामकरण रजत जयंती उद्यान किया गया है। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुये प्रदेश के उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी जी ने 25 वर्ष पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया था। राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्ष रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस उद्यान का नाम भी रजत जयंती उद्यान रखा गया, मुझे खुशी है कि आज यह सर्वसुविधायुक्त उद्यान जनताजनार्दन की सेवा हेतु समर्पित किया गया है। उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ को हमारी सरकार ने ही बनाया था और अब हमारी सरकार ही छत्तीसगढ़ को संवार रही है। 15 वर्षो तक डॉ. रमन सिंह जी प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे तथा प्रदेश का ऐतिहासिक रूप से विकास किया, अब उन्हीं की तर्ज पर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में प्रदेश सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है, यह हमारा सौभाग्य है कि जनताजनार्दन के आशीर्वाद से देश-प्रदेश व कोरबा मे ट्रिपल इंजन की सरकार चल रही है तथा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकार द्वारा दर्जनों जनकल्याणकारी योजनायें संचालित कर गरीब, मजदूर, किसान, युवा, महिला सहित समाज के सभी वर्गो के जीवन स्तर को ऊपर उठाया जा रहा है। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बनाये गये रजत जयंती उद्यान की यह सौगात आज लालघाट चेकपोस्ट बस्ती के नागरिक बंधुओं को प्राप्त हुई है। जिसके लिये मैं उन्हें हृदय से बधाई देती हूॅ। उन्होने कहा कि उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में कोरबा नगर निगम क्षेत्र का तेजी से विकास हो रहा है, आमजनता की समस्याएं प्राथमिकता के साथ दूर की जा रही है, विगत 01 वर्ष के दौरान नगर निगम कोरबा ने अनेक उपलब्धियॉ अर्जित की है, बर्षो की समस्यायें दूर की गई है।

## राज्यपाल ने पीएम जनमन अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट का किया अवलोकन



**रायपुर, 5 अप्रैल।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज जशपुर जिले के कुनकुरी विकासखंड के ग्राम बेहराखार में पीएम जनमन योजना अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने यूनिट में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। मोबाइल मेडिकल यूनिट में ऑक्सीजन सिलेंडर, सीवीसी मशीन, आवश्यक दवाइयों सहित विभिन्न उपचार उपकरण उपलब्ध हैं। साथ ही इसमें डॉक्टर, नर्स एवं पैरामेडिकल स्टाफ की टीम भी तैनात रहती है, जो दूरस्थ क्षेत्रों में जाकर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है। अवलोकन के उपरांत राज्यपाल ने संतोष व्यक्त किया। साथ ही अधिकारियों से कहा कि विशेष पिछड़ी जनजातीय क्षेत्रों में नियमित रूप से भ्रमण कर स्वास्थ्य जांच एवं उपचार सुनिश्चित किया जाए, ताकि इन समुदायों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। इस अवसर पर पद्म श्री जागेश्वर यादव, कलेक्टर श्री रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी.एस. जात्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# ईरान हार मान नहीं रहा, जीत की घोषणा ट्रंप की मजबूरी

ईरान-इजराइल व अमरीका के बीच चल रहे युध्द को एक माह से ज्यादा हो गया है।ईरान और इजराइल के बयानों से तो नही लगता है कि वह युध्द समाप्त करने को तैयार है।युध्द से दोनों को नुकसान होने के बाद भी दोनों आगे भी लड़ते रहने को तैयार हैं। तब तक लड़ने को तैयार है, जब तक कि एक पक्ष हार न मान ले। इजराइल ने साफ कह दिया है कि उसका लक्ष्य अभी पूरा नहीं हुआ है, वह अपने लक्ष्य को हासिल करने के बाद ही युध्द रोकेगा। ईरान इजराइल के खिलाफ लड़ तो रहा है लेकिन उसके बयान अमरीका के खिलाफ ज्यादा आते हैं और वह यह जताता रहता है कि ईरान दूसरे देशों जैसा नहीं हैं जो अमरीका के आगे झुक जाए। वह अमरीका से लड़ रहा है और अमरीका उसे अब तक हरा नहीं पाया है। एक माह के युध्द में अमरीका ईरान को झुका नहीं पाया है। एक माह तक ईरान पर हमला कर अमरीका ईरान को डरा नहीं पाया है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप भले कहे कि ईरान युध्दविराम की मांग कर रहा है जबकि अमरीका अभियान जल्द खत्म करने की तैयारी में है।

अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप ने राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा है कि ईरान युध्द में अमरीका ने निर्णायक बढ़ प्राप्त कर ली है।उसके अधिकांश सैन्य लक्ष्य पूरे हो चुके हैं। अमरीका के हमले में ईरान की नौसेना व वायुसेना खत्म हो चुकी है।मिसाइल व ड्रोन क्षमता कर दी गई है।इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स को भारी नुकसान पहुंचा है।ट्रंप ने कहा है कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दिया जाएगा। ट्रंप ने अमरीका व दुनिया के देशों को यह बताने की कोशिश की है कि अमरीका विश्व का एकमात्र ऐसा देश है वह जो चाहता है, करता है और वह जो कुछ करता है, उसमें सफल रहता है।ईरान के मामले में वह भले ही कहे कि अमरीकी सेना ने ईरान पर बड़ी जीत हासिल की है। अमरीका ईरान को हरा चुका है। ईरान हार मान चुका है और वह युध्द विराम की मांग कर रहा है लेकिन वर्तमान डिजिटल मीडिया के दौर में कोई भी देश अब सच को छुपा नहीं सकता। ट्रंप हजार बार कहें कि ईरान हार चुका है, अमरीका ने ईरान को हरा दिया है लेकिन लोगों के मन सवाल तो उठेगा ही कि यह ट्रंप की कैसी जीत है कि हारने वाला मान नहीं रहा है कि हम हार गए हैं और ट्रंप कह रहे हैं कि हमने ईरान को हरा दिया। पहले दो देशों के बीच युध्द होता था और एक देश जीतता था और एक देश हारता था। जीतने वाला देश तब ही जीता हुआ माना जाता था जब एक देश हार स्वीकार करता था। इसके बाद दोनों देशों के बीच युध्द समाप्त हो जाता था।अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने हर तरह से प्रयास करके देख लिया है कि ईरान किसी तरह युध्द समाप्त करने को तैयार हो जाए यानी ईरान हार मान ले लेकिन ट्रंप के हर तरह के प्रयास के बाद भी, जमीनी लड़ाई, खर्ग द्वीप पर कब्जा करने की धमकी देने के बाद ईरान अमरीका के सामने झुकने को तैयार नही है। वह तो शहादत देने को तैयार है। ईरान के एक माह तक लड़ते रहने से अमरीका परेशान है क्योंकि वह सोचता था कि कुछ दिनों मे ईरान घुटनो पर आ जाएगा लेकिन एक माह बाद भी अमरीका के सामने ईरान तनकर खडा है. ईरान की यह मुद्रा ही अमरीका के लिए परेशानी का सबब है। वह ईरान के सर को अपने सामने झुका हुआ देखना चाहता है और ईरान सर उठाए हुए है तो मजबूरी में अमरीका को अपने देश व दुनिया का बताना पड़ रहा है कि हम तो जीत चुके हैं, हमारा लक्ष्य पूरा हो गया है। अब हमारे लिए युध्द का कोई मतलब नहीं है। हकीकत में ईरान अमरीका को यह बता रहा है कि युध्द तो समाप्त होगा लेकिन अमरीका की शर्तों पर नहीं ईरान की शर्तों पर होगा। ईरान ने तो पहले ही साफ कह दिया है कि युध्द अमरीका के चाहने से नहीं रुकेगा, युध्द तो तब ही रुकेगा जब ईरान चाहेगा। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने फिर कहा है कि अमरीका ईरान की कुछ शर्ते मान लें तो ईरान युध्द समाप्त कर सकता है।ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने भी साफ कहा है कि अमरीका से कोई सीधी बातचीत नही हो रही है।साथ ही ईरानी अधिकारियों ने ट्रंप के सीज फायर की मांग करने के दावे से भी इंकार किया है।अमरीका जो कुछ कहता है, ईरान उसे झूठ बता देता है और साफ कर देता है कि वह ट्रंप के दबाब में आने वाला नहीं है।ईरान समझ चुका है कि अमरीका ईरान में जो करना चाहता था, नहीं कर सका है।यह ट्रंप की हार है और ईरान की जीत है। अमरीका व इजराइल तो ईरान में खामनेई की सत्ता को उखाड़ फेंकना चाहते थे लेकिन एक माह भी खामनेई की सत्ता ईरान में है।

## विदेश

# युद्ध अपराधी है डोनॉल्ड ट्रंप व नेतन्याहू

**तनवीर जाफ़री**



अमेरिका व इस्राईल द्वारा संयुक्त सैन्य अभियान चलाकर ईरान पर थोपे गये बलात युद्ध को पांच सप्ताह बीत चुके हैं। पूरी दुनिया में अपनी फ़ज़ीहत होती देख राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने अब खिसियाहट में ईरान के आधारभूत ढांचों को नुक़्सान पहुँचाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में अमेरिका ने पिछले दिनों ईरान की राजधानी तेहरान और कराज़ को जोड़ने के लिए बनाये जा रहे राजधानी के सबसे ऊँचे सस्पेंशन ब्रिज को ध्वस्त कर दिया। लगभग 1 किलोमीटर से अधिक लंबे और 136 मीटर ऊँचे इस निर्माणाधीन हाई%राइज़ ब्रिज पर पिछले दिनों अमेरिका और इज़राइल ने मिलकर दो बार एयरस्ट्राइक की। इन हवाई हमलों के परिणामस्वरूप पुल का बड़ा हिस्सा बर्बाद हो गया। इस हमले में कम से कम 8 लोग मारे गए और 100 से अधिक घायल हुए। इस हमले के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर इस पुल के ढहते हुए वीडियो शेयर कर ईरान को धमकी देते हुये लिखा कि "डील कर लो, वरना बहुत देर हो जाएगी"। उन्होंने लिखा कि अगर ईरान ने अपना रुख़ नहीं बदला तो "उस देश में कुछ भी नहीं बचेगा जो कभी महान देश बन सकता था,"। ट्रंप ने इस हमले को "अमेरिकी सेना की ताक़त का छोटा नमूना" बताया और यह संकेत दिया कि अगर ईरान डील से मना करता है तो देश के पावर प्लांट, ट्रांसपोर्ट नेटवर्क आदि अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर भी अगले निशाने हो सकते हैं। इसी अमेरिका ने युद्ध की शुरुआत में 28 फ़रवरी को ही ईरान के मिनाब शहर में शजारेह तैय्येबह बालिका प्राथमिक स्कूल की ईमारत पर टॉमहॉक मिसाइल मिसाइल से हमला कर लगभग 175 लोगों को शहीद कर दिया था इनमें अधिकांश स्कूल की बच्चियां शामिल थीं। स्कूल के पास ही दवाख़ाना व अन्य नागरिक सुविधाएं भी थीं। इसी हमले के चलते न केवल ईरान ने अमेरिका को युद्ध अपराध का दोषी ठहरा दिया था बल्कि दुनिया भर में भी इसे "युद्ध अपराध" क़रार दिया गया। ग़ौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय मानवीय क़ानून के मूल सिद्धांतों के तहत जिनेवा कन्वेंशन्स 1949 व इसके एडिशनल प्रोटोकॉल्स 1977 के अंतर्गत युद्ध में रिहाइशी इलाक़ों,स्कूलों, अस्पताल, पानी की व्यवस्था संबंधित प्लांट्स, बिजली ग्रिड,पुल जैसे बुनियादी ढांचों पर हमले सामान्यतः नहीं किए जा सकते। ये युद्ध अपराध माने जाते हैं। युद्ध में लड़ाई के दौरान सैनिकों,सैन्य लक्ष्यों और नागरिकों व नागरिक सुविधा संबंधी वस्तुओं के बीच स्पष्ट अंतर करना ज़रूरी है। परन्तु अमेरिका तो क्या उसकी शह व संरक्षण में युद्धरत इस्राइल को भी न तो मानवीय क़ानून की फ़िक्र है न ही जिनेवा कन्वेंशन्स में निर्धारित युद्ध के सिद्धांतों की। इसीलिये अपनी अपार शक्ति व सर्वोच्चता के नशे में चूर अमेरिका व उसके पिछलग्गू इस्राईल द्वारा हर संभव युद्ध अपराध किया जा रहा है।

गज़ा में तो नेतन्याहू के नेतृत्व में इस्राईल ने दरिन्दिगी का वह इतिहास रचा है जिसने युद्ध अपराध की सभी सीमाओं को पार कर दिया है। सरकारी आंकड़े बताते है कि 7 अक्टूबर 2023 से 25 मार्च 2026 तक इस्राईली सेना द्वारा 72,265 फ़िलिस्तीनी मारे जा चुके हैं जबकि 1,71,959 लोग घायल हुए। यहाँ तक कि 10 अक्टूबर 2025 को लागू हुये युद्धविराम के बाद भी इस्राईल ने लगभग 700 लोगों को मार दिया है। हालाँकि कुछ स्वतंत्र अध्ययन कुल मौतों का आंकड़ा 75,000 से ज़्यादा बता रहे हैं। स्वयं इस्राइली सेना ने जनवरी



2026 में 70,000 मौतों का आंकड़ा स्वीकार किया था। कुल लगभग 22-23 लाख की आबादी वाले इस इलाक़े में 19 लाख से ज़्यादा लोग एक या कई बार विस्थापित हुए हैं। नतीजतन आज भी 17 लाख से ज़्यादा लोग अस्थायी विस्थापन कैंप्स में रह रहे हैं। इनमें से ज़्यादातर लोगों के घर-मकान नष्ट हो चुके हैं जिसके चलते लोग बेघर हैं। नेतन्याहू के इशारों पर यह हत्याएं घने रिहायशी इलाक़ों,स्कूल्स,बाज़ार,अस्पताल,स्कूल यहाँ तक कि शरणार्थी कैम्पस में और भूख की तपिश से जूझ रहे खाद्य सामग्री लेने की लाइन में लगे असहाय लोगों पर बम व गोले बरसा कर उनकी जान लेकर की गयी हैं। यही वजह है कि नेतन्याहू पर अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने युद्ध अपराध वारंट जारी किया हुआ है। नेतन्याहू पर भुखमरी को युद्ध का हथियार बनाना, जानबूझकर नागरिक आबादी पर हमला निर्देशित करना,मानवता के ख़िलाफ़ अपराध,हत्या,उत्पीड़न व अन्य अमानवीय कृत्य जैसे युद्ध अपराध शामिल हैं। आज भी नेतन्याहू अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के भगौड़े अपराधियों की श्रेणी में शामिल हैं। परन्तु युद्ध अपराधी भगौड़ा नेतन्याहू अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के अधिकार क्षेत्र को मान्यता नहीं देता। उल्टे इसे "यहूदी-विरोधी" तथा राजनीतिक साज़िश बताकर अपने युद्ध अपराध पर पर्दा डालने की कोशिश करता है। इसी युद्ध अपराधी नेतन्याहू के जाल में फंसकर राष्ट्रपति ट्रंप भी युद्ध अपराध करते जा रहे हैं। ईरान को 'पाषाण युग' में पहुंचाने की उनकी धमकी इस बात का सुबूत है कि ऐसे मानसिक रोगी राजनीतिज्ञ की जगह जेल में होनी चाहिये। दुनिया को यह सोचना पड़ेगा कि आख़िर क्या वजह है कि उनके सलाहकारों से लेकर सैन्य विभाग के अनेक बड़े अधिकारी तक इस अवैध युद्ध का विरोध करते हुये क्योंकर इस सनकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ खड़े होने के बजाये अपने इस्तीफ़े दे रहे हैं। नाटो सहित उसके कई सहयोगी देश खुलकर ट्रंप के ईरान में सैन्य हस्तक्षेप का विरोध कर रहे हैं। और आज ईरान की ताक़त व उसकी रक्षात्मक व आक्रामक शक्ति का अंदाज़ा किये बिना ईरान पर हमला बोल देने और परणामस्वरूप अमेरिका द्वारा ऐतिहासिक क्षति का सामना करने से अमेरिका के महाशक्ति होने का जो भरम टूटा है उसका ज़िम्मेदार भी ट्रंप ही है। और इसी सन्दर्भ में ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अरागची को यह कहना पड़ा है कि -'अधूरे बने पुलों समेत इंफ्रास्टक्चर पर हो रहे हमले ईरानियों को सरेंडर करने के लिये मजबूर नहीं कर सकते। यह केवल अव्यवस्था में फंसे दुश्मन की हार और उस के नैतिक पतन को दिखाता है। साथ ही अरागची ने यह भी कहा कि हर पुल और ईमारत को पहले से ज़्यादा मज़बूती के साथ बनाया जायेगा। परन्तु जिसकी कभी भरपाई नहीं हो पायेगी वह है अमेरिकी साख को हुआ नुक़सान। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन ने भी अमेरिकियों के नाम एक खुला पत्र लिखकर कहा है कि वे युद्ध के प्रोपेगैंडा के धुंध से बाहर देखें और मनगढ़ंत ख़तरे को नकारें। राष्ट्रपति पेज़ेश्कियन ने सवाल उठाया है कि क्या अमेरिका सचमुच 'अमेरिका फ़र्स्ट' को आगे रख रहा है या फिर वह केवल 'इज़रायल के लिए एक प्रॉक्सी' के तौर पर काम कर रहा है? पेज़ेश्कियन ने आगे कहा कि ईरानियों के मन में अमेरिका, यूरोप या किसी भी पड़ोसी देश के प्रति कोई दुश्मनी नहीं है।' परन्तु सच्चाई तो यही है कि युद्ध अपराधी भगौड़े नेतन्याहू के चक्रव्यूह में उलझकर ट्रंप ने भी युद्ध अपराध को हीअंजाम दिया है। गोया डोनॉल्ड ट्रंप व नेतन्याहू दोनों ही युद्ध अपराधी हैं।

## आज का राशिफल

मेष राशिः मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आपको बड़ी खुशखबरी भी मिलने वाली है। आज अपना हर काम योजनाबद्ध तरीके से करना तथा अपने काम के प्रति एकाग्र चित्त होना आपको सफलता देगा। आज कुछ यात्रा होने के योग भी बन रहे हैं। आज अपने व्यस्त समय से कुछ समय धार्मिक व आध्यात्मिक गतिविधियों के लिए निकालेंगे, इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी।

वृष राशिः वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी विशेष आयोजन में जाने का मौका मिलेगा और नई जानकारियां सीखने को मिलेंगी। आज खर्चों की अधिकता रहेगी, लेकिन साथ ही आय के साधन बढने से परेशानी नहीं होगी। आज अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए ध्यान केंद्रित करेंगे। आज पर्सनल लाइफ से संबंधित किसी भी प्रकार का रिस्क लेने से परहेज करेंगे। आज ऑफिस में आप पूरी मेहनत और आत्मविश्वास के साथ काम करेंगे।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। आज आपकी सूझबूझ और विवेक से समस्याएं आसानी से हल हो जाएंगी। महिलाओं का आज ऑनलाइन शॉपिंग में समय बीतेगा। आज आपको किसी रिश्तेदार के घर जाने का निमंत्रण मिलेगा। आज अन्य गतिविधियों में व्यस्तता की वजह से आपका खुद का महत्वपूर्ण काम अधूरा रह सकता है। परंतु अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित बनाकर भी रखना जरूरी है। आज बच्चों की गतिविधियों तथा संगति पर कड़ी नजर रखेंगे।

कर्क राशिः कर्क राशि वालों आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज परिवार संबंधी किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर सलाह मशवरा होगा और इसके सकारात्मक नतीजे सामने आएंगे। आज सामाजिक गतिविधियों में भी समय बीतेगा। आज व्यवसायिक व्यवस्था को बनाए रखने में आपका योगदान जरूरी है। आज बाहरी व्यक्ति आपके कार्यक्षेत्र की व्यवस्था में कुछ विघ्न डाल सकता है। आज कर्मचारियों का उत्साह बढ़ाने से उनकी कार्य क्षमता बेहतर होगी।

सिंह राशिः सिंह राशि वालों आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। प्रॉपर्टी के सेल परचेज संबंधी कार्यवाही चल रही है, तो निश्चित ही सफलता मिलेगी। आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अपने आपको सशक्त महसूस करेंगे। आज किसी सदस्य की नकारात्मक बात को लेकर आपका मूड थोडा खराब हो सकता है। लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जाएगा। आज कहीं भी यात्रा करने से फिलहाल परहेज करें और व्यक्तिगत मामलों पर अधिक ध्यान दें। इस समय काम करने के तरीके में बदलाव करने की जरूरत है, कारोबारी गतिविधियां धीमी रहेंगी।

कन्या राशिः कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी खास व्यक्ति के मार्गदर्शन में आप कार्यों को बेहतरीन तरीके से करेंगे। किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी विचार-विमर्श होगा। आज किसी धार्मिक संस्था में सेवा संबंधी कार्यों में समय बीतेगा। आज किसी भी कार्य को लापरवाही की वजह से अधूरा ना छोड़। पैतृक जमीन जायदाद संबंधी मामले में आज आपको सफलता अवश्य मिलेगी। सहकर्मचारियों के काम में हस्तक्षेप करने से बचें।

तुला राशिः तुला राशि वालों आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आपका स्वाभिमान तथा आत्मविश्वास हर परिस्थिति में मेहनत करने की क्षमता बढ़ाएगा और आपके कि हुए काम थोड़े प्रयास से बन जाएंगे। आज बेकार की गतिविधियों में समय बिताना आपके महत्वपूर्ण कार्य में रुकावट डाल सकता है। अच्छे रिजल्ट के लिए किसी का मार्ग दर्शन अवश्य ले। आज कारोबार में ऑर्डर पूरा करते समय टारगेट का ध्यान रखें। व्यापार में बरकत होगी।

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपका कर्म प्रधान बनेगा और आप अपनी ऊर्जा का भरपूर इस्तेमाल करेंगे। आपको अपनी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे। भूमि या वाहन से संबंधित काम सफल हो सकता है। बहुत बीजी शेड्यूल होने के बावजूद कुछ समय आप बच्चों के लिए भी जरूर निकालेंगे। वर्तमान स्थिति पर ही अपना ध्यान अवश्य केंद्रित रखें। अपनी चीजों को संभालकर रखें। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर ज्यादा फोकस रहने की जरूरत है। मल्टीमीडिया या फोन द्वारा आपको बड़ा ऑर्डर मिलने की उम्मीद है।

धनु राशिः धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। धार्मिक अथवा आध्यात्मिक गतिविधियों में आपका ज्ञान बढ़ेगा। आपके अपने व्यक्तिगत काम पारिवारिक सदस्यों की मदद से पूरे हो जाएंगे। घर के वरिष्ठ सदस्यों के मान सम्मान और मार्गदर्शन की अवहेलना ना करें। आज किसी भी अपरिचित व्यक्ति से अपनी व्यक्तिगत योजनाएं शेयर ना करें और ना ही किसी तरह की बहस करने से बचें। सरकारी विभाग में नौकरी करने वालों को कार्यभार की अधिकता के कारण आपको ओवरटाइम भी करना पड़ेगा।

मकर राशिः मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज का दिन उपलब्धियों वाला है इसका भरपूर उपयोग करना जरूरी है। किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी रूपरेखा तैयार करने से कामयाबी जरूर ही मिलेगी। आज दूसरों की व्यक्तिगत बातों पर ध्यान ना देकर अपने काम के प्रति एकाग्र रहेंगे। यह समय अपने कार्यों के प्रति फोकस रहने का है। आज आप कुछ समय एकांत, ध्यान आदि में जरूर बिताएंगे।

कुंभ राशिः कुंभ राशि वालों आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज विदेश जाने के लिए प्रयासरत लोगों को अच्छी खबर मिलने की संभावना है। सामाजिक संबंधी गतिविधियों में आपका खास योगदान रहेगा। अपनी बौद्धिक क्षमता तथा व्यवहार कुशलता द्वारा सकारात्मक परिणाम हासिल करेंगे। आज आपको करियर संबंधी शुभ समाचार मिलने से राहत मिलेगी। आज दूसरों के मामले में हस्तक्षेप ना करें तथा अपने काम से ही मतलब रखें। आज आपको महसूस होगा कि समय अनुसार अपने व्यवहार में परिवर्तन लाना जरूरी है। कार्य स्थल पर अपनी उपस्थिति और फोकस बनाये रखना जरूरी है। आज आपका दाम्पत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

मीन राशिःमीन राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके उद्देश्य की पूर्ति होगी तथा अनुभवी लोगों के साथ रहकर बहुत कुछ बेहतर सीखने को मिलेगा। कार्य स्थल पर आज दौड़ धूप की अधिकता रहेगी परंतु सफलता मिलने से खुशी भी मिलेगी। आज आपका रुका हुआ पैसा वापस मिलेगा, जिससे आप अपने जरूरत का सामान खरीदेंगे। फाइनेंस संबंधी गतिविधियों के मामले में किसी पर भी अधिक भरोसा ना करें। व्यावसायिक व्यवस्था बेहतर होगी तथा कर्मचारियों का भी भरपूर सहयोग बना रहेगा। प्रॉपर्टी संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी। व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण योजनाएं बनेंगी धैर्य रखें सफलता अवश्य मिलेगी। आज जॉब में अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेने से राहत महसूस होगी।

## सू- दोकू क्र.364

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.363 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -364

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 363 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

# जनसंख्या परिवर्तन का टाइम बम, आजादी से अब तक का सच

**संजय सक्सेना,लखनऊ,**



देश के कुछ हिस्सों में जनसंख्या का जो बदलाव पिछले सात दशकों में हुआ है, वह महज आंकड़ों की हेरफेर नहीं है। यह एक सुनियोजित परिवर्तन की कहानी है, जिस पर देश के बुद्धिजीवी, सामाजिक संगठन और नीति-निर्माता चिंता जता रहे हैं। गत दिवस तमिलनाडु के राज्यपाल रहे आरएन रवि ने गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में असम, पश्चिम बंगाल और पूर्वांचल के कुछ हिस्सों में हो रहे जनसंख्या परिवर्तन को एक टाइम बम की संज्ञा देते हुए चेतावनी दी कि यदि इन प्रवृत्तियों को नजरअंदाज किया गया, तो ये भविष्य में राष्ट्रीय एकता के लिए गंभीर खतरा बन सकती हैं। उनका सवाल था, क्या किसी ने बीते 30-40 वर्षों में इन इलाकों में हुई जनसंख्या की प्रवृत्तियों पर ध्यान दिया है और क्या आने वाले 50 वर्षों में यह परिवर्तन देश के लिए विभाजनकारी साबित नहीं होगा?आजादी के समय असम एक ऐसा राज्य था, जहां अलग-अलग समुदाय और जनजातियाँ सदियों से साथ रहती थीं। लेकिन 1951 की पहली जनगणना में असम में मुस्लिम आबादी 22.6 प्रतिशत थी। 1971 में यह बढ़कर 24.6 प्रतिशत, 1991 में 28.4 प्रतिशत, 2001 में 31 प्रतिशत और 2011 की जनगणना में 34.2 प्रतिशत हो गई। यानी साठ वर्षों में असम में एक खास समुदाय की आबादी में लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई। विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगली जनगणना में यह आंकड़ा 40 प्रतिशत का आंकड़ा भी पार कर सकता है। इस वृद्धि की असली वजह केवल स्वाभाविक जन्मदर नहीं है। 1961 से 2011 के बीच, यानी पाँच दशकों में देश में मुस्लिम जनसंख्या की वृद्धि दर 194.38 प्रतिशत रही, जबकि असम में मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि दर 286.16 प्रतिशत रही, जो राष्ट्रीय औसत से लगभग डेढ़ गुना अधिक है। इस अंतर की व्याख्या केवल प्राकृतिक जनसंख्या वृद्धि से नहीं की जा सकती।असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि असम की कुल मुस्लिम जनसंख्या में से मात्र 3 प्रतिशत ही मूल असमिया आबादी है, शेष बांग्लादेश से आए लोग हो सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बांग्लादेश से लगी सीमा पर बसे जिलों में यह समस्या और भी गंभीर है। 2001 की जनगणना में असम में छह मुस्लिम बहुल जिले थे, जो 2011 तक बढ़कर 11 हो गए। उधर, पश्चिम बंगाल की स्थिति असम से कम चिंताजनक नहीं है। बांग्लादेश के साथ इस राज्य की लंबी सीमा है और 1971 से लगातार सीमावर्ती जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठ होती रही है। 2011 की जनगणना के अनुसार पश्चिम बंगाल में मुसलमानों की हिस्सेदारी 2001 में 25.2 प्रतिशत से बढ़कर 2011 में 26.94 प्रतिशत हो गई और इस दौरान मुस्लिम आबादी की वृद्धि दर 21.81 प्रतिशत रही। जिलेवार आंकड़े और भी चौंकाने वाले हैं। मुर्शिदाबाद में मुस्लिम आबादी 69.5 प्रतिशत, मालदा में 53.3 प्रतिशत, उत्तरी और दक्षिणी दिनाजपुर में 42.8 प्रतिशत, बीरभूम में 39.6 प्रतिशत और उत्तरी व दक्षिणी 24 परगना में 36.1 प्रतिशत हो चुकी है। इन सीमावर्ती आठ जिलों में हिन्दू जनसंख्या में प्रत्येक दशक में 3 प्रतिशत तक की कमी भी दर्ज की गई है। राजनीतिक आरोपों की बात करें तो 1977 से 2011 तक 34 साल सत्ता में रही वाममोर्चा सरकार पर आरोप है कि उसने घुसपैठियों को मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड और आधार कार्ड उपलब्ध कराए। इसकी एवज में 2006 तक वाममोर्चे को एकमुश्त वोट मिलता रहा, लेकिन 2007 के नंदीग्राम हिंसा के बाद यह वोट तृणमूल कांग्रेस की ओर चला गया। यह आरोप लगाने वाले केवल विरोधी दल के लोग नहीं हैं। कोलकाता में रहने वाले पूर्व नौकरशाह और तृणमूल कांग्रेस के सह-संस्थापक सदस्य दीपक कुमार घोष का कहना है कि वाममोर्चा ने अपने वोट बैंक के लिए मुस्लिम शरणार्थियों को शरण दी, जबकि तृणमूल ने इन अवैध घुसपैठियों को सत्ता तक में स्थान दिया।

उत्तर प्रदेश और बिहार के पूर्वी हिस्से, यानी पूर्वांचल में जनसंख्या परिवर्तन की बात कुछ अलग किस्म की है। यहाँ प्रश्न केवल बाहर से आने वाली जनसंख्या का नहीं, बल्कि समुदाय-विशेष की प्रजनन दर का भी है। उत्तर भारत और पूर्वी भारत के राज्यों जैसे बिहार और उत्तर प्रदेश में कुल प्रजनन क्षमता दर चार से ज्यादा है, जबकि दक्षिण भारत में यह 2.1 के आसपास है, जो कि स्थिर स्तर माना जाता है। यह असंतुलन न केवल संसाधनों पर दबाव डालता है, बल्कि राजनीतिक और सांस्कृतिक समीकरण भी बदल रहा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उससे जुड़े संगठन लंबे समय से इस मुद्दे पर चेताते आए हैं। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित अनेक सामाजिक संगठनों ने सीमावर्ती इलाकों में जनसंख्या परिवर्तन को लेकर बार-बार राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की है। असमिया साहित्य सभा जैसे सांस्कृतिक संगठनों ने असम की अस्मिता और संस्कृति पर मंडराते खतरे को लेकर आवाज उठाई है। इतिहासकार और लेखक नृपेन्द्र मिश्र जैसे विद्वानों ने सीमावर्ती इलाकों की जनसांख्यिकी पर गहन अध्ययन प्रस्तुत किए हैं। पाञ्चजन्य पत्रिका सहित अनेक प्रकाशनों ने इस जनसांख्यिकी परिवर्तन को न केवल आंकड़ों में, बल्कि असम के सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने पर पड़ रहे असर के रूप में भी दर्ज किया है।

वहीं दूसरी ओर, अनेक उदारवादी बुद्धिजीवी और अल्पसंख्यक संगठन इस पूरे विमर्श को सांप्रदायिक रंग देने का आरोप लगाते हैं। उनका तर्क है कि जनसंख्या परिवर्तन को एक समुदाय की साजिश बताना मुस्लिम नागरिकों के खिलाफ नफरत फैलाना है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और जमीयत उलेमा-ए-हिंद जैसे संगठन मानते हैं कि यह मुद्दा वोट की राजनीति के लिए हवा दिया जाता है। देश के विभाजन के समय जो सीमाएं खींची गई थीं, वे भौगोलिक रेखाएं थीं, लोगों के दिलों में नहीं। बंगाल का विभाजन हुआ, असम का एक हिस्सा पाकिस्तान से सटा रह गया। यह समस्या 1979 में ही सामने आ गई थी और इसे नेहरू काल की गलत नीतियों का नतीजा बताया जाता है। उस दौर में बांग्लादेश (तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान) से आने वाले शरणार्थियों को पुनर्वास दिया गया, लेकिन 1971 के बाद भी यह सिलसिला थमा नहीं। बल्कि एक खास वर्ग के लिए वोट बैंक की राजनीति ने इसे और गति दी। बंगाल में मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि दर 252.95 प्रतिशत रही, वहीं ओडिशा में 323.40 प्रतिशत और झारखंड में 340.35 प्रतिशत रही, जो राष्ट्रीय औसत से कई गुना अधिक है। ये आंकड़े केवल प्रजनन दर से नहीं समझाए जा सकते। विशेषज्ञ मानते हैं कि बांग्लादेश से होने वाली अवैध घुसपैठ इसका बड़ा कारण है।

बहरहाल, यह केवल राजनीतिक विमर्श नहीं है, यह उन लाखों लोगों की जिंदगी से जुड़ा सवाल है, जो असम की जमीन पर पीढ़ियों से रहते आए हैं, जो बंगाल में अपनी संस्कृति और भाषा के साथ जीते हैं। जब किसी जिले में एक समुदाय का अनुपात तेजी से बढ़ता है, तो सत्ता का संतुलन, जमीन का वितरण, शिक्षा और रोजगार सब कुछ प्रभावित होता है। इतिहास गवाह है कि जनसांख्यिकी परिवर्तन ने दुनिया में कई बार सीमाओं को फिर से खींचा है। कुल मिलाकर राज्यपाल रवि का वह सवाल आज भी हवा में गूंज रहा है कि क्या हम अंदाजा लगा सकते हैं कि अगले 50 वर्षों में यह परिवर्तन देश के लिए क्या परिणाम ला सकता है? यह सवाल जितना असुविधाजनक है, उतना ही जरूरी भी। इसका जवाब खोजे बिना न तो इन इलाकों का भला होगा और न ही देश का।

## एक नजर

### नारायणपुर के जनसेवा अभेद आश्रम में 12 अप्रैल को लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**नारायणपुर 5 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के ग्राम नारायणपुर स्थित जनसेवा अभेद आश्रम में अघोर परिषद ट्रस्ट एवं बाबा भगवान राम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में स्थापना दिवस के अवसर पर 12 अप्रैल को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। शिविर में विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के अनुभवी चिकित्सकों की टीम अपनी सेवाएं देगी। मरीजों को एलोपैथिक, होम्योपैथिक सहित अन्य पद्धतियों के विशेषज्ञों द्वारा जांच, परामर्श एवं उपचार की सुविधा एक ही स्थान पर निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। आयोजकों के अनुसार, शिविर में सामान्य से लेकर जटिल बीमारियों का परीक्षण किया जाएगा। मरीजों को उनकी बीमारी के अनुसार आवश्यक सलाह दी जाएगी और आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और लोगों को स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूक करना है। शिविर का संचालन दो चरणों में किया जाएगा। पहला सत्र प्रातः 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक और दूसरा सत्र दोपहर 2:30 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा।

### लिंगो पेन कर्रसाड़ में भानुप्रतापपुर विधायक व कांकेर सांसद हुए शामिल



**कांकेर 5 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के भानुप्रतापपुर विकासखण्ड अंतर्गत सेमरगांव में आयोजित पारंपरिक लिंगो पेन कर्रसाड़ कार्यक्रम में शनिवार को भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी एवं कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने लिंगो पेन कर्रसाड़ कार्यक्रम में शामिल देवी-देवताओं से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। यह आयोजन आदिवासी परंपरा और संस्कृति का महत्वपूर्ण प्रतीक माना जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी रहती है। इस दौरान नरेन्द्र यादव, गणेश सोनी, सुनाराम तेता, निर्मला कावड़े, सरोज मरकाम, बृजलाल मंडावी एवं सुन्हेर गजेन्द्र सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दंतेवाड़ा भाजपा की अहम बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गीदम 5 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी, दंतेवाड़ा द्वारा आज आगामी संगठनात्मक एवं जनहितकारी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने हेतु एक महत्वपूर्ण एवं विस्तृत बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, दंतेवाड़ा जिला संगठन प्रभारी शिव नारायण पांडेय एवं प्रदेश प्रवक्ता टेकेश्वर जैन की गरिमामयी उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत बनाने, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने तथा आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। प्रदेश नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की शक्ति ही भाजपा की सबसे बड़ी पूंजी है और प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा का सशक्त प्रतिनिधि है। बैठक के दौरान आगामी अभियानों, जनसंपर्क कार्यक्रमों, सामाजिक सहभागिता गतिविधियों एवं क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। साथ ही, यह भी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर जनता से निरंतर संवाद बनाए रखे तथा शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। इस दौरान प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा का लक्ष्य केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास की धारा पहुंचाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुशासन, समर्पण एवं टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। प्रदेश प्रवक्ता टेकेश्वर जैन ने संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता समाज सेवा के भाव से कार्य करते हैं और यही पार्टी की सबसे बड़ी पहचान है। जिला संगठन प्रभारी शिव नारायण पांडेय ने दंतेवाड़ा जिले में संगठन के विस्तार एवं मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और उनकी सक्रियता से ही पार्टी निरंतर आगे बढ़ेगी। बैठक उपरांत सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बस्तर अंचल की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के पावन दरबार में पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं सर्वांगीण विकास की कामना की।इस अवसर पर विधायक चैतराम अटामी, जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता सहित भाजपा के समस्त पदाधिकारीगण, वरिष्ठ नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी में पानी की तलाश में गांव गांव तक पहुंच रहे हैं हिरणों के झुंड



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 5 अप्रैल।** फिंगेश्वर वन परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत रक्शा के जंगल में एक साथ बड़ी संख्या में हिरणों का झुंड सड़क पार करते हुए दिखाई दिया। यह खूबसूरत और दुर्लभ नजारा उस समय देखने को मिला जब हिरण जंगल से निकलकर दूसरी ओर जा रहे थे। इस पूरे दृश्य को ग्राम पंचायत रक्शा के सरपंच प्रकाश चंदनिया ने अपने मोबाइल कैमरे में कैद किया।

बताया जा रहा है कि गर्मी के दिनों में पानी की कमी के चलते हिरण अक्सर झुंड में जंगल से बाहर निकलते हैं और पानी की तलाश में एक स्थान से दूसरे स्थान की ओर जाते हैं। इसी दौरान वे सड़क भी पार करते नजर आते हैं।

वहीं बरसात के मौसम में घने जंगल और पर्याप्त जल स्रोत उपलब्ध होने के कारण हिरण कम ही दिखाई देते हैं। लेकिन गर्मी बढ़ने के साथ ही इन वन्यजीवों की गतिविधियां जंगल के बाहर तक देखी जाने लगती हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस क्षेत्र में हर साल गर्मी के दौरान इस तरह के दृश्य देखने को मिलते हैं, जो न सिर्फ आकर्षक होते हैं बल्कि वन्यजीवों के प्राकृतिक व्यवहार को भी दर्शाते हैं।

### जंगल की रात में दिखा रोमांचक नजारा डाल से डाल उड़ती दिखी दुर्लभ उड़न गिलहरी

गरियाबंद जिले के सीता नदी टाईगर रिजर्व एरिया के घने जंगल में सन्नाटा, और टॉर्च की तेज रोशनीः तभी पेड़ की ऊंची डाल पर एक हलचल दिखती है। कैमरा जूम करता है और सामने आता है चौंका देने वाला दृश्य—दुर्लभ उड़न गिलहरी डाल से डाल तक हवा में ग्लाइड करती हुई! वीडियो में साफदिख रहा है कि यह निशाचर वन्यजीव पेड़ों की ऊपरी शाखाओं पर बेहद फुर्ती से सरकता है। जैसे ही रोशनी पड़ती है, इसकी बड़ी चमकती आंखें और शरीर के किनारों पर फैली झिल्ली साफनजर आती है। पल भर में यह एक टहनी से दूसरी टहनी तक 'उड़' जाता है—मानो अंधेरे में कोई साया तैर गया हो। विशेषज्ञों के मुताबिक, यह प्रजाति दिन में



शायद ही दिखाई देती है और रात के सन्नाटे में ही सक्रिय रहती है। ऐसे में इसका इस तरह स्पष्ट वीडियो में कैद होना बेहद दुर्लभ घटना मानी जा रही है। स्थानीय लोगों में इस दृश्य को लेकर जबरदस्त उत्साह है। कई लोगों ने पहली बार इतने करीब से इस अनोखे जीव को देखा। यह वीडियो न सिर्फरोमांच पैदा कर रहा है, बल्कि यह भी साबित करता है कि जंगल क्षेत्र आज भी समृद्ध जैव विविधता से भरा हुआ है। यह नज़ारा एक संदेश भी देता है — अगर जंगल सुरक्षित हैं, तो ऐसे दुर्लभ और अद्भुत वन्यजीव भी हमारे बीच सुरक्षित हैं।

## भाजपा ने बस्तर में सोशल मीडिया वॉरियर्स टीम की घोषणा की

■ सहसंयोजक सहित कई सदस्यों को मिली जिम्मेदारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 5 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी ने बस्तर जिले में संगठन को डिजिटल रूप से और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से सोशल मीडिया वॉरियर्स की नई टीम की घोषणा की है। यह नियुक्ति भाजपा सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक मितुल कोठारी की सहमति तथा बस्तर संभाग प्रभारी यशवंत जैन, जिला संगठन प्रभारी सतीश लाटिया एवं भाजपा जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे की अनुशंसा पर की गई है। घोषित टीम में बृजेश शर्मा को सहसंयोजक का दायित्व सौंपा गया है। वहीं नरेन्द्र पाण्डे, भुपेन्द्र दिवान, रोहन घोष, मोरध्वज सेठिया, पप्पू चालकी, बृजेश कपूर, पितेश्वर बघेल, विनायक बेहरा, अजय बैरागी और विनय मौर्य को सोशल मीडिया टीम का सदस्य बनाया गया है। भाजपा संगठन का मानना है कि सोशल मीडिया वर्तमान समय में जनसंपर्क और विचार प्रसार का एक प्रभावी माध्यम बन चुका है। नई टीम के गठन से पार्टी की नीतियों, योजनाओं और गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने में गति मिलेगी। नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को संगठन के वरिष्ठ नेताओं ने शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा जताई है कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ करेंगे।

## नगर निगम क्षेत्र में कुत्तों की नसबंदी के लिए विशेष अभियान 10 अप्रैल से



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 5 अप्रैल।** नगर निगम क्षेत्र में आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या को नियंत्रित करने के लिए निगम प्रशासन द्वारा कुत्तों की नसबंदी के लिए विशेष अभियान 10 अप्रैल से शुरू किया जाएगा। इसके लिए चंडीगढ़ की स्नेह एजेंसी को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो नगर निगम के सहयोग से इस अभियान को अंजाम देगी। नगर निगम क्षेत्र में बीते कुछ समय से आवारा कुत्तों की संख्या तेजी से बढ़ी है, जिससे लोगों को रोजमर्रा की जिंदगी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई इलाकों में कुत्तों के झुंड राहगीरों के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। इसे देखते हुए निगम ने एनीमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) योजना के तहत यह अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा ने बताया कि इस एजेंसी को काम शुरू करने के लिए निर्देश दे दिया गया है। यह काम 10 अप्रैल से शुरू कर दिया जाएगा। इस अभियान के लिए नगर निगम ने कंगोली के डंपिंग यार्ड के पास विशेष व्यवस्था की है, जहां नसबंदी का पूरा कार्य किया जाएगा। एजेंसी के विशेषज्ञों और नगर निगम के कर्मचारियों की संयुक्त टीम इस काम को अंजाम देगी। कुत्तों को सुरक्षित तरीके से पकड़कर सेंटर लाया जाएगा, जहां उनका ऑपरेशन कर उन्हें कुछ समय तक निगरानी में रखा जाएगा। इसके बाद उन्हें उसी क्षेत्र में छोड़ दिया जाएगा। निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा ने बताया कि एजेंसी का चयन राज्य सरकार के द्वारा किया गया है। इस काम को बिना किसी गतिरोध के पूरा करने के लिए हर स्तर पर तैयारी की गई है। नगर निगम के अधिकारी लगातार इसकी मॉनिटरिंग करेंगे।

## गुड फ्राइडे पर बस्तर के चर्चों में हुई विशेष आराधना



**जगदलपुर 5 अप्रैल।** मसीह समाज द्वारा आज पूरे विश्व के साथ बस्तर जिले में भी गुड फ्राइडे की आराधना श्रद्धा और गंभीरता के साथ संपन्न की गई। 40 दिनों के उपवास कालीन आराधना के पश्चात इस सप्ताह को मसीह विश्वासी दुख भोग सप्ताह के रूप में मनाते हैं, जिसमें प्रभु यीशु मसीह के क्रूस पर चढ़ाए जाने की घटना को स्मरण किया जाता है। मसीह विश्वास के अनुसार, यीशु मसीह ने पापियों के उद्धार के लिए अपना बलिदान दिया था, जिसे आज विशेष रूप से याद किया गया।

बताया गया कि तीन दिन पूर्व, यीशु मसीह को गतसमनी के बाग में उनके ही एक चेले द्वारा पकड़वाया गया था और इसके बाद शुक्रवार को उन्हें क्रूस पर चढ़ाया गया। इसी घटना के स्मरण में आज बस्तर के विभिन्न चर्चों में विशेष आराधना आयोजित की गई, जहां यीशु मसीह द्वारा क्रूस पर कहे गए सात वचनों पर मनन और चिंतन किया गया। इसी क्रम में चंदैया मेमोरियल मेथोडिस्ट एपिस्कोपल लाल चर्च में भी गुड फ्राइडे की आराधना संपन्न हुई, जिसकी संचालिका श्रीमती अल्पना जान रहीं। उपवास कालीन इस आराधना में युवाओं द्वारा श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेय का वितरण भी किया गया।

इस संबंध में छत्तीसगढ़ क्रिश्चियन फोरम के प्रदेश उपाध्यक्ष रत्नेश बेंजामिन ने बताया कि गुड फ्राइडे के तीसरे दिन, अर्थात रविवार को ईस्टर पर्व मनाया जाएगा, जिसे प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर मसीह विश्वासी कब्रिस्तान जाकर अपने दिवंगत परिजनों की कब्रों पर फूल, अगरबत्ती, मोमबत्ती और माला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस प्रकार गुड फ्राइडे का यह पावन अवसर त्याग, प्रेम और मानवता के संदेश को पुनः स्मरण कराता है।

## सीआरपीएफकी त्वरित कार्रवाई से तीन माह की बच्ची की बची जान

**दंतेवाड़ा 5 अप्रैल।** जिले के बीजापुर सीमा पर स्थित नक्सल प्रभावित तिमिनार गांव से सूचना पर तीन माह की बीमार बच्ची का बीती देर रात सीआरपीएफ की 165 बटालियन की चार्ली कंपनी के जवानों ने विपरीत परिस्थितियों और खराब रास्तों की परवाह किए बिना, सहायक कमांडेंट राजेश गुर्जर के नेतृत्व में जवानों ने घने अंधेरे और मुश्किल रास्तों को पार करते हुए गांव तक पहुंचकर बच्ची को सुरक्षित निकालकर सीआरपीएफकी 165 बटालियन की कैंप पंहुचकर बच्ची को तत्काल प्राथमिक उपचार प्रदान किया और दंतेवाड़ा जिला अस्पताल के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था की, समय पर की गई इस त्वरित कार्रवाई से तीन माह की बच्ची की जान बचाई जा सकी।



## युवती की फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाला गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 5 अप्रैल।** जिले के चारामा थाना क्षेत्र में एकतरफा प्यार में युवती की फोटो एडिट कर आपत्तिजनक रूप में सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले आरोपी युवक प्रवीण कुमार निर्मलकर को चारामा पुलिस ने युवती की शिकायत के बाद आज शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आईटी अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी प्रवीण कुमार निर्मलकर के पास से वह मोबाइल फोन जब्त कर लिया। इसी मोबाइल फोन का उपयोग करके उसने फोटो एडिट कर वॉट्सऐप समूह में वायरल की थी। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। चारामा थाना प्रभारी सुरेश राठौर ने बताया कि एक अप्रैल को युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि 31 मार्च की रात करीब 9:30 बजे एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन पर उसे बताया गया कि ग्राम पंचायत टिकरापारा नाम से एक वॉट्सऐप समूह बनाया गया है। इस समूह में युवती के ससुराल पक्ष और रिश्तेदारों को जोड़ा गया था। समूह में युवती की एडिट की हुई आपत्तिजनक फोटो और संदेश वायरल किए गए थे। साइबर सेल की मदद से आरोपी की पहचान प्रवीण कुमार निर्मलकर के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह और युवती धमतरी के एक कॉलेज में साथ पढ़ते थे। प्रवीण युवती से एकतरफा प्यार करता था। उसे पता चला कि युवती की शादी तेरह व चौदह अप्रैल के बीच होने वाली है। युवती को पाने की चाहत में उसने उसकी फोटो एडिट कर आपत्तिजनक बनाई। आरोपी ने जानबूझकर यह फोटो युवती के रिश्तेदारों और ससुराल पक्ष को भेजी। उसकी मंशा थी कि इससे युवती का रिश्ता टूट जाए और वह उससे शादी कर सके।

■ खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का समापन अत्यंत उत्साहजनक

# कमिश्नर सहित आईजी, कलेक्टर और एसपी ने बस्तर के खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर। 5 अप्रैल।** बस्तर जिला मुख्यालय के धरमपुरा स्थित क्रीड़ा परिसर में आयोजित पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का समापन अत्यंत उत्साहजनक रहा। इस अवसर पर क्षेत्र के उच्चाधिकारियों ने बस्तर अंचल के खिलाड़ियों के बीच पहुंचकर न केवल उनका मनोबल बढ़ाया, बल्कि भविष्य की चुनौतियों के लिए सफलता के मंत्र भी साझा किए।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स समापन के पश्चात खिलाड़ियों से रूबरू होते हुए कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा कि बस्तर के जनजातीय क्षेत्रों में नैसर्गिक प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस तरह के राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य आपकी क्षमता को तराशना है। यहाँ से प्राप्त अनुभव आपकी नींव को मजबूत करेगा, जिससे आप आगामी बड़ी प्रतियोगिताओं में पूरे आत्मविश्वास के साथ उतर सकेंगे।

पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी. ने खिलाड़ियों के अनुशासन और जज्बे की सराहना की। उन्होंने अपने उद्बोधन में इस बात पर जोर दिया कि खेल केवल जीत-हार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण का माध्यम है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि इस आयोजन से जो अनुभव का लाभ आपको मिला है, उसे अपनी शक्ति बनाएं और निरंतर अभ्यास के माध्यम से बस्तर की एक सकारात्मक पहचान पूरे देश में स्थापित करें।

कलेक्टर आकाश छिकारा ने युवा एथलीटों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशासन खिलाड़ियों को हर आवश्यक सुविधा और मंच उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेलो इंडिया जैसे मंच का लाभ उठाएं और यह सुनिश्चित करें कि बस्तर का नाम खेल जगत के मानचित्र पर स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाए। उन्होंने खिलाड़ियों को लक्ष्य पर केंद्रित रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्र स्तरीय आयोजन के माध्यम से जो तकनीकी ज्ञान प्राप्त हुआ है, उसका लाभ उठाएं। पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने खिलाड़ियों के बीच ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि खेल के मैदान पर दिखाया गया पराक्रम ही आपको सफलता के शिखर तक ले जाएगा। उन्होंने कहा कि आप सभी में देश का नाम रोशन करने की क्षमता है; बस इस अनुभव को अपनी सीख बनाकर मैदान में डटे रहें। अधिकारियों के इस आत्मीय मार्गदर्शन और शुभकामनाओं से उत्साहित होकर खिलाड़ियों ने भी आने वाले समय में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का संकल्प दोहराया। वहीं खेल अधिकारियों और प्रशिक्षकों ने भी खिलाड़ियों को दक्ष बनाने के लिए समर्पण के साथ दायित्व निभाने की बात कही।

## बस्तर परिवहन संघ चुनाव में सुबह 8 बजे से शुरू हुआ मतदान



**जगदलपुर 5 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर परिवहन संघ चुनाव 2026 में इस बार एकता पैनल और अपना पैनल के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। शनिवार सुबह 8 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसमें बड़ी संख्या में मतदाता उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। चुनाव स्थल पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। दोनों ही पैनलों के समर्थक अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हुए हैं।

सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। इस बार मतदान प्रतिशत अधिक रहने की संभावना जताई जा रही है, जिससे चुनाव परिणाम और भी रोचक हो सकता है। दोनों पैनलों के प्रमुख उम्मीदवारों ने अपनी-अपनी जीत का दावा किया है। अब सभी की नजरें मतदान समाप्ति के बाद होने वाली मतगणना और परिणामों पर टिकी हुई हैं, जो तय करेंगे कि इस बार सबसे बड़े परिवहन संघ की कमान किस पैनल के हाथों में जाएगी। मतगणना के बाद परिणाम देर रात तक आने की संभावना है।

# राजस्व पखवाड़ाः शिविरों में त्वरित निराकरण से किसानों-ग्रामीणों को मिल रहा मौके पर समाधान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

- कलेक्टर ने ग्राम पंचायत कोतरलिया में किया राजस्व शिविर का निरीक्षण
- आवेदनों के समय-सीमा में निराकरण के दिए निर्देश
- तीन चरणों में संचालित हो रहा राजस्व पखवाड़ा अभियान






**रायगढ़, 5 अप्रैल।** जिले में राजस्व संबंधी प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार राजस्व पखवाड़ा के तहत गांव-गांव में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से किसानों एवं ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे उन्हें कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। इसी क्रम में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने रायगढ़ तहसील के ग्राम पंचायत कोतरलिया में आयोजित राजस्व शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित किसानों एवं ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का नियमानुसार एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिविरों का संचालन सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं परिणाममुखी होना चाहिए, ताकि आमजन को वास्तविक लाभ मिल सके।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, नक्शा बटांकन एवं व्यपवर्तन जैसे लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ शत-प्रतिशत निराकरण किया जाए। साथ ही फौती नामांतरण, बंटवारा एवं अभिलेख त्रुटि सुधार से संबंधित आवेदनों का शिविर स्थल पर ही ऑनलाइन पंजीयन, सुनवाई एवं निराकरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिविर में आने वाले प्रत्येक हितग्राही को सहज और सम्मानजनक वातावरण मिले तथा किसी प्रकार की असुविधा न हो। शिविरों में अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कोटवारों एवं अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए हैं, ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

इसी क्रम में जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे ने पुसौर तहसील के ग्राम गढ़उमरिया में आयोजित राजस्व शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शिविरों के प्रभावी संचालन एवं समयबद्ध निराकरण पर विशेष बल दिया। बता दे कि राजस्व पखवाड़ा अभियान तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है-प्रथम चरण 01 अप्रैल से 15 अप्रैल, द्वितीय चरण 04 मई से 18 मई तथा तृतीय चरण 01 जून से 15 जून 2026 तक संचालित होगा। अभियान के तहत अविवादित नामांतरण एवं खाता विभाजन के लंबित प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण, सीमांकन एवं व्यपवर्तन के मामलों का निपटारा, नक्शा बटांकन की प्रगति, खातों में आधार, मोबाइल नंबर एवं अन्य प्रविष्टियों का अद्यतन तथा आरबीसी 6-4 के अंतर्गत जनहानि एवं फसल क्षति के मामलों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके साथ ही भू-अर्जन प्रकरणों का समय-सीमा में निपटारा, स्वामित्व योजनांतर्गत अधिकार अभिलेखों का वितरण, कृषि सांख्यिकी आंकड़ों का अद्यतन, अभिलेख शुद्धता से जुड़े प्रकरणों का निराकरण तथा बी-01, खसरा और किसान किताब से संबंधित आवेदनों का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। शिविरों में आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र के आवेदनों की ऑनलाइन प्रविष्टि लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से की जा रही है तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित समय-सीमा में सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। राजस्व पखवाड़ा के माध्यम से प्रशासन की यह पहल आमजन के लिए राहतकारी साबित हो रही है। मौके पर ही समस्याओं के निराकरण से ग्रामीणों में संतोष का भाव है और शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है।

## एक नजर

### पीएम-आशा योजना : जिले में चना, मसूर एवं सरसों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 30 मई तक की जाएगी खरीदी

**महासमुन्द, 5 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (PM-AASHA) के अंतर्गत प्राइस सपोर्ट स्कीम लागू की गई है। इस योजना के तहत रबी विपणन वर्ष 2026-27 में दलहन एवं तिलहन फसलों की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाएगी। उप संचालक कृषि एफ आर कश्यप ने बताया कि रबी वर्ष 2026-27 में जिले में प्रमुख रूप से चना, मसूर एवं सरसों फसल का उपार्जन किया जाएगा। इसके लिए किसानों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से किया गया है। उन्होंने बताया कि केवल पंजीकृत कृषकों को ही समर्थन मूल्य का लाभ प्राप्त होगा। जिले में उपार्जन कार्य हेतु कुल 6 खरीदी केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें कृषि उपज मंडी पिटियाझर महासमुंद, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिर्रीपठारीमुड़ा बागबाहरा, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कोमाखान, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पिथौरा, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बसना तथा कृषि उपज मंडी सरायपाली शामिल हैं। इन सभी केंद्रों में खरीदी कार्य ई-समृद्धि पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी तरीके से किया जाएगा। उप संचालक कृषि ने बताया कि उपार्जन अवधि 01 मार्च 2026 से 30 मई 2026 तक निर्धारित की गई है। इस अवधि में किसानों से चना का समर्थन मूल्य 5875 रुपये प्रति क्विंटल, मसूर का 7000 रुपये प्रति क्विंटल एवं सरसों का 6200 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित दर पर खरीदी की जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं संबंधित केंद्र पर अपनी उपज लेकर पहुंचें तथा योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### 12वीं हिन्दी विशिष्ट परीक्षा अब 10 अप्रैल को

# केंद्राध्यक्षों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण नियमों के कड़ाई से पालन के भी निर्देश

### पर्चा लीक होने के कारण 23 मार्च की परीक्षा हुई थी निरस्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 5 अप्रैल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 के अंतर्गत कक्षा 12वीं की हिन्दी विशिष्ट विषय की 23 मार्च 2026 को संपन्न हुई परीक्षा को मंडल द्वारा निरस्त कर दिया गया है। अब यह परीक्षा पुनः 10 अप्रैल 2026 को जिले के सभी निर्धारित परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सुचारू, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज रायगढ़ जिले के सृजन सभा कक्ष में सभी 100 परीक्षा केंद्रों के लिए नियुक्त केंद्राध्यक्षों का एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर धनराज मरकाम ने केंद्राध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि मंडल द्वारा जारी नवीन दिशा-निर्देशों का प्रत्येक परीक्षा केंद्र में कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा की विश्वसनीयता और गोपनीयता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

ज्ञात हो कि कक्षा 12वीं हिंदी विशिष्ट विषय की परीक्षा 23 मार्च 2026 को आयोजित की गई थी, जिसे मंडल द्वारा तकनीकी/प्रशासनिक कारणों से निरस्त कर दिया गया। अब यह परीक्षा पुनः 10 अप्रैल 2026 को आयोजित की जाएगी। रायगढ़ जिले में इसके लिए कुल 100 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। मंडल द्वारा जारी नवीन निर्देशों की जानकारी देने हेतु 30 मार्च 2026 को रायपुर स्थित मंडल कार्यालय में मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। इसके पश्चात रायगढ़ जिले के मास्टर ट्रेनर संतोष चंद्रा (प्राचार्य, जूटमिल) एवं श्रीमती जे.सुजाता राव प्राचार्या, महापल्ली द्वारा सभी केंद्राध्यक्षों को विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया।



प्रशिक्षण के दौरान परीक्षा संचालन से जुड़े हर पहलू को विस्तार से समझाया गया, जिसमें-गोपनीय सामग्री का राज्य स्तर से समन्वयक केंद्र तक सुरक्षित परिवहन, समन्वयक केंद्र से थानों तक सामग्री पहुंचाने की प्रक्रिया, थानों से परीक्षा केंद्रों तक गोपनीय सामग्री का वितरण, परीक्षा समाप्ति के बाद उत्तरपुस्तिकाओं का सुरक्षित संकलन एवं पुनः थानों में जमा करना, इन सभी प्रक्रियाओं को पीपीटी के माध्यम से चरणबद्ध तरीके से समझाया गया, ताकि किसी भी स्तर पर भ्रम की स्थिति न बने। गोपनीय सामग्री के सुरक्षित परिवहन हेतु प्रत्येक थाने के लिए अलग-अलग परिवहन अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। ये अधिकारी समन्वयक केंद्र से निर्धारित थानों तक सामग्री को सुरक्षित पहुंचाएंगे। यह संपूर्ण परिवहन कार्य जिला कार्यालय द्वारा निर्धारित शासकीय वाहनों के माध्यम से ही किया जाएगा, जिससे सुरक्षा एवं गोपनीयता बनी रहे। परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मंडल द्वारा डीएसपी रैंक के अधिकारी को पुलिस नोडल नियुक्त करने के निर्देश दिए गए थे। इसके तहत रायगढ़ जिले में सुशांतो बनर्जी, डीएसपी रायगढ़ को पुलिस नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनकी जिम्मेदारी राज्य स्तर से लेकर परीक्षा केंद्र तक गोपनीय सामग्री के सुरक्षित परिवहन, परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, तथा परीक्षा उपरांत अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं के सील्ड बंडलों को सुरक्षित थानों में जमा कराने हेतु आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराना होगी।

प्रशिक्षण के दौरान परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, व्यवस्थित एवं अनुशासित ढंग से संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मंडल के सभी निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए परीक्षा को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाएगा। इस प्रकार, 10 अप्रैल को आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं और इसे सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी स्तरों पर समन्वय स्थापित किया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी धनराज मरकाम, सहायक नोडल भुवनेश्वर पटेल, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती रूबी वर्गीस, मास्टर ट्रेनरगण, जिले के सभी 100 परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्ष तथा जिले के 16 थानों एवं पुलिस चौकियों के लिए नियुक्त परिवहन अधिकारी उपस्थित रहे।

## 10 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 5 अप्रैल।** कलेक्टर के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त आबकारी क्रिस्टोफर खलखो के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 3 अप्रैल को आबकारी वृत्त खरसिया क्षेत्र में अवैध महुआ शराब की सूचना पर छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान टीम ने कुल 10 लीटर महुआ शराब जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत 2000 रुपये है। यह शराब आरोपी प्रकाश भारद्वाज, उम्र 26 वर्ष, निवासी चारपारा, थाना खरसिया के कब्जे से बरामद की गई। आबकारी विभाग ने आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) एवं 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। कार्रवाई के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। आबकारी अधिकारी ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

## 27 महिलाओं को मिला आत्मनिर्भरता का हुनर

### बड़ौदा आरसेटी में 31 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण का समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुंद, 5 अप्रैल।** बड़ौदा आरसेटी महासमुन्द में 28 फरवरी से 30 मार्च 2026 तक आयोजित 31 दिवसीय निरूशुल्क सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं एवं युवाओं को स्वरोजगार हेतु कौशल विकास प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 27 युवतियों ने भाग लिया एवं प्रशिक्षण का लाभ लेते हुए सिलाई कार्य में दक्षता प्राप्त की। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सिलाई की आधुनिक तकनीक, मशीन संचालन, डिजाइनिंग तथा स्वरोजगार स्थापित करने से संबंधित जानकारी प्रदान की गई।

समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत महासमुंद की अध्यक्ष श्रीमती दिशा दीवान उपस्थित रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य योगेश्वर चंद्राकर तथा संस्थान के निदेशक श्री टूटू बेहरा उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती दिशा दीवान ने कहा कि बडौदा आरसेटी महासमुन्द में प्रशिक्षण प्राप्त कर युवतियां आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने युवाओं एवं युवतियों को प्रेरित किया तथा बिहान समूह से जुड़कर स्वावलंबी बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर संस्थान के अधिकारीगण, प्रशिक्षक एवं सभी प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।

## जनता को बिजली का झटका देना बंद करे सरकार, प्रबंधन सुधारे : आप

- बिजली सरप्लस छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि जनता के साथ अन्याय के खिलाफ प्रदेशव्यापी बिजली ऑफिस का घेराव किया
- प्रदेश के बड़े बकायादारों से पेंडिंग करोड़ों के बिजली बिल की वसूली या बिजली कनेक्शन काटे सरकार, 1 मई के बाद कार्यकर्ता काटेंगे कनेक्शन





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद, 5 अप्रैल।** आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि और बदहाल बिजली व्यवस्था को लेकर बीजेपी सरकार पर जोरदार हमला बोला है। पार्टी ने कहा कि सरकार को जनता पर बार-बार बिजली दर बढ़ाकर आर्थिक बोझ डालने के बजाय बिजली उत्पादन और प्रबंधन सुधारने पर ध्यान देना चाहिए।

पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती, स्मार्ट मीटर तकनीक का दुरुपयोग, और लगातार खराब प्रबंधन से आम जनता त्रस्त है। यह स्थिति दर्शाती है कि ऊर्जा विभाग पूरी तरह ब्यूरोक्रेट्स के प्रभाव में काम कर रहा है, जिससे जनहित की अनदेखी हो रही है।क्र ने हाल ही में लागू किए गए नए टेंडर सिस्टम को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। आम आदमी पार्टी ने बिजली विभाग के शीर्ष प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा किः विभाग के एमडी की लापरवाही और लगातार खराब प्रबंधन के कारण प्रदेश की बिजली व्यवस्था चरमरा गई है।आज आम आदमी पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र चन्द्राकर,प्रदेश सचिव संतोष चन्द्राकर, प्रदेश सह सचिव संजय यादव, जिलाध्यक्ष राकेश झाबक के नेतृत्व में महासमुंद अधीक्षण अभियंता कार्यालय(बिजली विभाग) का घेराव कर कार्यपालन अभियंता पी आर वर्मा के के हाथों मुख्यमंत्री और एम डी रायपुर के नाम से ज्ञापन सौंपा जहां भूपेन्द्र चन्द्राकर ने मांग रखते हुए कहा प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए बिजली विभाग के वर्तमान एमडी को तुरंत बदला जाए बड़े अधिकारियों के कार्यो की कड़ी समीक्षा की जाए टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए स्मार्ट मीटर व्यवस्था में सुधार कर जनता को राहत दी जाए अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाई जाए।पिथौरा,मुनगासेर,बसना, सरायपाली क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या को दूर किया जाए, शहरी क्षेत्र में स्थित अवैध कालोनी के निवासियों को उनके क्षेत्र में विद्युतीकरण कर स्थाई विद्युत कनेक्शन प्रदान करे, ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर,केबल,विद्युत सामग्री, स्थाई कनेक्शन,परिवहन के नाम से हो रहे हैं अवैध वसूली को समाप्त किया जाए, राज्य शासन टारगेट व्यवस्था को समाप्त कर सभी किसानों के अस्थायी विद्युत कनेक्शन को स्थाई करे,बिजली विभाग में कर्मचारीयो की भारी कमी है जिसके कारण आम जनता का काम समय पर नही हो पा है, उनकी नियुक्ति तत्काल कराई जाए।

### घरघोड़ा जनसमस्या निवारण शिविर का सांसद राधेश्याम राठिया ने किया अवलोकन

## 43 हितग्राही सीधे हुए लाभान्वित, कई लोगों को मिला ऑन-द-स्पॉट समाधान

- पीएम सूर्य घर योजना सहित योजनाओं का हुआ प्रचार-प्रसार
- राजस्व, स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं पर विशेष फोकस
- पेयजल समस्या के समाधान के लिए दिए गए निर्देश





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 5 अप्रैल।** जिला प्रशासन द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु घरघोड़ा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन प्रस्तुत किए तथा विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने शिविर का अवलोकन कर अपने संबोधन में कहा कि सरकार की मंशा है कि आम जनता की समस्याओं का समाधान सरल एवं सहज तरीके से उनके द्वार पर ही हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में यह पहल की गई है, ताकि किसानों, मजदूरों, दिव्यांगजनों सहित सभी वर्गों की समस्याओं का त्वरित निराकरण हो सके। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर उन लोगों के लिए विशेष रूप से लाभकारी हैं, जो विभिन्न कारणों से कार्यालयों तक नहीं पहुंच पाते। आज प्रशासन की पूरी टीम यहां उपस्थित होकर लोगों की समस्याएं सुन रही है और उनका समाधान कर रही है।

सांसद राठिया ने कहा कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से दर्ज किया जा रहा है और निर्धारित समय-सीमा में उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में आगे आकर अपनी समस्याएं रखें और शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि आम जनता की जागरूकता ही विकास की मूल आधारशिला है। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में पेयजल समस्या के निराकरण हेतु पाइपलाइन व्यवस्था को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा 43 हितग्राहियों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया। कृषि विभाग द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड, सहकारी समिति द्वारा 5 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड ऋण, पशुधन विकास विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को मिनरल मिक्सचर, उद्यान विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को फलदार पौधे वितरित किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 5 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई तथा सुपोषण किट दिया गया एवं 5 हितग्राहियों को नोनी सुरक्षा योजना के प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## सरायपाली सीएचसी में सुरक्षित मातृत्व की दिशा में बड़ी उपलब्धि

### तीसरा सफल सिजेरियन, स्वस्थ शिशु का जन्म

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**महासमुंद, 5 अप्रैल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में सुरक्षित मातृत्व की दिशा में एक और सफलता हासिल की है। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने इस सफलता पर चिकित्सा टीम को बधाई देते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता सुरक्षित मातृत्व और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है और सरायपाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है।

यहां चिकित्सकों की टीम ने सफलतापूर्वक तीसरा सिजेरियन (ष्ट-ह्यद्गष्ह्लद्बश्ठ) ऑपरेशन करते हुए 26 वर्षीय महिला नरगिस का सुरक्षित प्रसव कराया, जिसमें उन्होंने 3.200 किलोग्राम वजनी स्वस्थ पुत्र को जन्म दिया। इस जटिल ऑपरेशन को डॉ. संजय अग्रवाल, डॉ. के. वी. किरण कुमार, डॉ. कुणाल नायक, स्टाफनर्स प्रगति शर्मा एवं समीर पटेल की टीम ने कुशलतापूर्वक अंजाम दिया। ऑपरेशन की सफलता स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती गुणवत्ता और विशेषज्ञता को दर्शाती है।

## एक नजर

### निगम की बजट बैठक 9 अप्रैल को

**राजनांदगांव 5 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पालिक निगम की बजट बैठक 9 अप्रैल 2026 गुरूवार को अपरान्ह 11:00 बजे नगर निगम टाउन हाल सभागृह में आहूत की गई है। बैठक में पुनरीक्षित आय-व्यय वर्ष 2025-26 एवं प्रस्तावित आय-व्यय बजट वित्तीय वर्ष 2026-27 के स्वीकृति के संबंध में विचार-विमर्श उपरांत निर्णय लिया जायेगा। बजट बैठक के संबंध में निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा ने बताया कि अपरान्ह 12:00 बजे से बैठक प्रारंभ होगी। बैठक में महापौर श्री मधुसूदन यादव अपने कार्यकाल का शहर विकास के लिये द्वितीय बजट पेश करेंगे, बैठक के प्रारंभ में बजट प्रतिवेदन का पठन किया जायेगा। पठन उपरांत चर्चा पश्चात निर्णय लिया जावेगा। उन्होनें महापौर सहित निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों,पार्षदों, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि व पत्रकारों एवं अधिकारियों कर्मचारियों से उपस्थिति की अपील की है।

### कन्या शाला के भवन निर्माण के लिए 121.16 लाख रुपए की स्वीकृति

**राजनांदगांव 5 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक आदर्श कन्या शाला के भवन निर्माण हेतु 121.16 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह विद्यालय बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में सुदृढ़ बनाने हेतु जिले का एक पुराना एवं महत्वपूर्ण शिक्षण संस्थान है। नवीन भवन निर्माण से छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा। लोक निर्माण विभाग संभाग राजनांदगांव द्वारा निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर भवन निर्माण कार्य हेतु कार्यादेश जारी कर दिया गया है। निर्माण स्थल पर स्थित अत्यंत पुराने एवं जर्जर आवासीय भवन, जो कर्मचारियों के निवास के लिए अनुपयुक्त हो चुके थे, को वर्तमान में डिस्मेंटल किया जा रहा है। जर्जर भवनों के हटने के पश्चात शीघ्र ही नवीन स्कूल भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।

### लघु धान्य रागी से समृद्धि की ओर बढ़ती शकुन बाई कुजांम

**रायपुर,5 अप्रैल।** राज्य और केन्द्र सरकार लघु धान्य जैसे रागी, कोदो, कुटकी जैसे फसलों को बढ़ावा देने किसानों विशेष अभियान चलाकर जागरूक कर रही है, इसी कड़ी में धमतरी विकासखंड के ग्राम उरपुटी की महिला कृषक श्रीमती शकुन बाई कुजांम लघु धान्य फसल रागी का उत्पादन कर प्रगतिशील किसानों की श्रेणी में शामिल हो गई है। गौरतलब है कि श्रीमती कुंजाम ने परंपरागत खेती से आगे बढ़ते हुए नवाचार और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने मेहनत, लगन और कृषि विभाग के मार्गदर्शन से सफलता की एक प्रेरणादायक मिसाल प्रस्तुत की है। शकुन बाई के पास कुल 7 एकड़ कृषि भूमि है, जो ट्यूबवेल से सिंचित है। उनके पास ट्रैक्टर, रोटावेटर, सीड ड्रिल, मल्टी क्रॉप थ्रेसर एवं रीपर जैसे आधुनिक कृषि उपकरण उपलब्ध हैं। उनके परिवार के 5 सदस्य खेती में सक्रिय सहयोग करते हैं, जिससे कृषि कार्य व्यवस्थित ढंग से संचालित हो पाता है। श्रीमती शकुन बाई ने बताया कि रबी सीजन में 3 एकड़ क्षेत्र में लघु धान्य फसल रागी (छत्तीसगढ़ रागी-2) की खेती की। उन्होंने बीजोपचार के लिए बीजामृत, तथा खाद के रूप में वर्मी कम्पोस्ट, डीएपी, पीएसबी एवं केएसबी का उपयोग किया। वैज्ञानिक विधियों से की गई खेती के परिणामस्वरूप उन्हें 28.50 क्विंटल उत्पादन प्राप्त हुआ। कुछ वर्ष पहले बीज उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत रागी की खेती से उन्हें 5200 रुपये प्रति क्विंटल की दर से कुल 1,48,200 रुपये की आय हुई। इस उत्पादन में कुल लागत 27,000 रुपये रही, जिससे उन्हें 1,21,200 रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि कृषि विभाग द्वारा संचालित आत्मा कार्यक्रम के तहत उन्हें निरंतर मार्गदर्शन एवं तकनीकी सहयोग प्राप्त हुआ, जिससे उन्होंने फसल चक्र परिवर्तन और लघु धान्य फसलों की खेती को सफलतापूर्वक अपनाया। फसल कटाई के बाद वे ग्रीष्मकालीन जुताई भी करती हैं, जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहती है। इस प्रेरक सफलता की जानकारी मिलने पर जिले के कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा स्वयं शकुन बाई के घर पहुंचे और उनकी खेती-किसानी के संबंध में बातचीत की। उन्होंने शकुन बाई की सराहना करते हुए इसे जिले के अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। इस अवसर पर शकुन बाई ने अपनी बाड़ी में उगाए गए मुनगा (सहजन) को भेंट स्वरूप प्रदान किया तथा पारंपरिक पत्तल-दोना में 'माड़िया पेय' से स्वागत किया। यह ग्रामीण संस्कृति और आत्मनिर्भरता का सुंदर उदाहरण रहा।

# गीला-सूखा कचरा अलग-अलग रखने निगम डस्टबिन वितरण कर रहा

- **महापौर ने वार्ड नं. 11 में डस्टबिन का वितरण कर दिया स्वच्छता का संदेश**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**राजनांदगांव 5 अप्रैल।** शहर को स्वच्छ, साफएवं सुंदर रखने तथा आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छा रैंक लाने नगर निगम द्वारा सफाई में गुणात्तमक सुधार लाने अभियान चलाया जा रहा है, इसी के तहत वार्डो में गिला सुखा कचरा अलग अलग रखने डस्टबिन का वितरण किया जा रहा है। डस्टबिन वितरण की कडी में महापौर श्री मधुसूदन यादव आज वार्ड नं. 11 स्टेशन पारा में घर घर गिला सुखा कचरा अलग अलग रखने महिलाओ को स्टबिन का वितरण किये। वितरण अवसर पर लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सावन वर्मा, कनिष्ठ सभापति श्री संदीप बघेल, वार्ड के पार्षद श्री छोटेलाल रामटेके, पार्षद श्री मनोहर यादव, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा, विशेष उप से उपस्थित थे।

डस्टबिन वितरण अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि हर घर स्वच्छता बनाये रखने नगर निगम द्वारा डस्टबिन का वितरण किया जा रहा है। आज आपके वार्ड में भी गिला व सुखा कचरा अलग अलग रखने डस्टबिन दिया गया है। उन्होंने कहा कि डस्टबिन का उपयोग कर प्रतिदिन कचरा स्वच्छता दीदीयो को देना है, नाली या घर से बाहर कचरा नही डालना है। आप सबके सहयोग से ही इस स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर अच्छा रैंक प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने स्वभाव में, व्यवहार में स्वच्छता लाना होगा, तभी हमारा शहर स्वच्छ एवं साफ दिखकर एक अलग पहचान बनायेगी। वार्डवासियो ने कहा कि डस्टबिन वितरण नगर निगम की अच्छी पहल है, निगम के स्वास्थ्य कर्मचारियो द्वारा सुबह से वार्ड में साफसफाई किया जाता है। निगम की सफाई व्यवस्था अच्छी है और हम सबभी उसमें सहयोग करेंगे। डस्टबिन वितरण के दौरान वार्ड की महिलाए एवं निगम का स्वास्थ्य अमला उपस्थित थे।

# मोदी सरकार की नीतियों से बढ़ी महंगाई, आम जनता पर पड़ा सीधा असर : विपिन यादव

- **कमर्शियल और घरेलू गैस, पेट्रोल-डीजल से लेकर खाद्य वस्तुओं तक कीमतों में भारी उछाल, कांग्रेस ने केंद्र सरकार की आर्थिक और कूटनीतिक नीतियों पर उठाए सवाल**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**




**राजनांदगांव 5 अप्रैल।** आज आयोजित पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष विपिन यादव ने केंद्र की भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की आर्थिक कुप्रबंधन और कूटनीतिक विफलताओं के कारण देश में महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है जिससे आम जनता का जीवन मुश्किल हो गया है।

प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में विपिन यादव ने कहा कि मोदी सरकार के गलत आर्थिक फैसलों के चलते आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर गहरा असर पड़ा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 195 रुपये की वृद्धि की गई है, जबकि पिछले तीन महीनों में ही इसमें 525 रुपये की बढ़ोतरी हो चुकी है। उन्होंने यह भी बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में भी पिछले सप्ताह 62 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि पहले भाजपा 400 रुपये के गैस सिलेंडर को महंगा बताती थी, लेकिन आज वही कीमत 900 से 1000 रुपये तक पहुंच गई है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों को लेकर भी उन्होंने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि सरकार ने एक्साइज ड्यूटी घटाकर राहत देने का दावा किया, लेकिन वास्तविकता में पेट्रोल के दाम फिर बढ़ गए हैं। कुछ स्थानों पर यह वृद्धि 4 रुपये तक दर्ज की गई है। वहीं, एविएशन फ्यूल महंगा होने से हवाई यात्रा भी आम लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही है। खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि खाद्य तेल, दूध, मावा और राशन सामग्री के दाम बेतहाशा बढ़ गए हैं। उन्होंने दावा किया कि खाद्य तेल, जिसे 70 रुपये प्रति लीटर तक पहुंचने में वर्षों लगे, वह अब 200 रुपये के पार हो चुका है। विपिन यादव ने कहा कि महंगाई ने आम आदमी के किचन का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है और परिवार चलाना कठिन हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार को आम जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है और सरकार केवल अपने पूंजीपति मित्रों को फायदा पहुंचाने में लगी हुई है। उन्होंने आगे कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने मनरेगा के माध्यम से रोजगार की कानूनी गारंटी दी थी, लेकिन वर्तमान सरकार ने इसे कमजोर कर गरीबों के रोजगार का अधिकार छीन लिया है। कांग्रेस नेता ने यह भी आरोप लगाया कि देश के संसाधनों और सार्वजनिक उपक्रमों पर चुनिंदा पूंजीपतियों का एकाधिकार स्थापित किया जा रहा है, जिससे आर्थिक असमानता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि रेलवे टिकट से लेकर स्कूल और कॉलेजों की फीस तक हर क्षेत्र में कीमतों में कई गुना वृद्धि हुई है। इसके साथ ही बैंकिंग सेवाओं में भी विभिन्न शुल्क लगाकर आम खाताधारकों पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। अंत में उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई अब आम जनता के लिए एक भाजपा निर्मित आपदा बन चुकी है और लोग अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें अनीस खान, रमेश डाकलिया, हेमू सोनी, पंकज बाँधव, धनेश पाटिला, थानेश्वर पाटिला, किशन खंडेलवाल, राहुल तिवारी, कमलजीत पिंटू और अमित अग्रवाल प्रमुख रूप से शामिल थे।

# रिसार्ट में शराब पिलाने वालों पर पुलिस ने कार्रवाई की



**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**राजनांदगांव 5 अप्रैल।** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा (भा0पु0से0) के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षक अलेकजेंण्डर के पर्यवेक्षण में अपराध के रोकथाम व नियंत्रण तथा काननू व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु असमाजिक तत्वो के खिलाफ सतत अभियान कार्यवाही तथा चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षण उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में थाना सोमनी पुलिस की टीम गठित कर मनगटा स्थित रिसार्ट में लगातार डीजे बजने एवं शराब पिलाने की शिकायत पर रिसार्टो में दिनांक 04.04.2026 को औचक छापेमारी की कार्यवाही की गयी, छापेमारी के दौरान त्रचा रिसार्ट एव 'नायरा रिसार्ट मनगटा में रिसार्ट में आने जाने वाले लोगो को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराते पाए जाने से पीने वालो को मौके पर समझाईश दी गयी और त्रिचा रिसार्ट के संचालक चन्द्रशेखर पिता सुमन लाल यादव उम्र 24 साल निवासी ग्राम बिहावबोड थाना घुमका जिला राजनांदगांव छ0ग0 एव 'नायरा रिसार्ट के संचालक सोहन निर्मलकर पिता नारद निर्मलकर उम्र 30 साल निवासी ग्राम मनगटा थाना सोमनी जिला राजनांदगांव छ0ग0 के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36(च) के तहत कार्यवाही किया गया एवं प्रतिबंधित करने धारा 170/126,135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही किया है। इसी तारतम्य में असामाजिक तत्वो के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत ग्राम टेडेसरा में शांति व्यवस्था भंग करने की नियत से वाद विवाद करने वाले आदित्य साहू पिता तीरथ दास साहू उम्र 24 साल निवासी ग्राम टेडेसरा थाना सोमनी जिला राजनांदगांव छ0ग0 को धारा 170/126,135(3) बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया है, सभी गिरफ्तार अनावेदको को माननीय एसडीएम न्यायालय राजनांदगांव के समक्ष पेश किया गया है।

### माओवाद के अंत के साथ बस्तर क्षेत्र में अब विकास को मिलेगी नई दिशा

**रायपुर,5 अप्रैल।** वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने आज कोंडागांव के सुदूर अंचल स्थित ग्राम केजंग पहुंचे और क्षेत्रवासियों को लगभग 1 करोड़ 20 लाख रुपए के 11 विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने विभिन्न ग्राम पंचायतों में सड़क, भवन एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं सड़कों, पुलों, जल संरक्षण के कार्य और सामुदायिक भवनों का निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य ग्रामीण अंचल में आवागमन को आसान बनाना, कृषि को मजबूती देना और ग्रामीण जीवनस्तर में सुधार लाना है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार आम नागरिकों के हित में क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र पूर्व में माओवाद से प्रभावित रहा है, किन्तु पूरा छत्तीसगढ़ माओवाद के प्रभाव से मुक्त हो गया है और अब बस्तर संभाग भयमुक्त होकर विकास की मुख्यधारा में तेजी से आगे बढ़ेगा और अधिक समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीणों को आवागमन, शिक्षा एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार मिलेगा। विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन किए गए कार्यों में ग्राम पंचायत कुधूर में 1 किमी मुरमीकरण कार्य (मांझानार से साहूपारा प्रतीक घर तक) लागत 19 लाख रुपए, तरईपारा से पंडेला घर तक सीसी सड़क निर्माण लागत 9.60 लाख रुपए, ग्राम पंचायत कोरमेल के पटेलपारा में सीसी सड़क निर्माण लागत 9.60 लाख रुपए के कार्य शामिल हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत जोडेंगा में सांस्कृतिक भवन से कमलू घर तक सीसी सड़क निर्माण लागत 9.60 लाख रुपए, ग्राम पंचायत पदनार में प्राथमिक शाला भवन से समलू घर तक सीसी सड़क निर्माण लागत 9.60 लाख रुपए, ग्राम पंचायत पुसपाल में नीचेपारा में कुलधर घर से सुधीर यादव घर तक सीसी सड़क निर्माण लागत 9.60 लाख रुपए, ग्राम पंचायत मड़ागांव में सांस्कृतिक भवन से पीलाराम घर तक सीसी सड़क निर्माण लागत 9.60 लाख रुपए के कार्य शामिल हैं।

# अब कहीं रेड कॉरिडोर नहीं,हर तरफ ग्रीन कॉरिडोर है : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर,5 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के 31 मार्च 2026 को माओवादी आतंक से मुक्त होने पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, शहीद जवानों, बस्तर की जनता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल सरकार की नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र, सुरक्षा बलों और बस्तर की जनता के सामूहिक संकल्प का परिणाम है।

उन्होंने सर्वप्रथम देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साहसपूर्ण और दूरदर्शी नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया, जिनके मार्गदर्शन, संकल्प और सतत प्रेरणा ने माओवादी हिंसा के विरुद्ध इस निर्णायक अभियान को दिशा दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने वर्ष 2015 में दंतेवाड़ा में प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए उस संदेश को भी स्मरण किया, जिसमें उन्होंने हिंसा का मार्ग छोड़ने का आह्वान करते हुए युवाओं से मानवता के दृष्टिकोण से सोचने की प्रेरणा दी थी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के प्रति भी विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया और उन्हें माओवादी उन्मूलन की रणनीति का प्रमुख शिल्पी बताया। उन्होंने कहा कि श्री अमित शाह ने रायपुर में 31 मार्च 2026 तक माओवाद समाप्त करने का संकल्प लिया था, जिसे पूरी दृढ़ता के साथ पूरा किया गया। उनके नेतृत्व में सुरक्षा बलों को स्पष्ट दिशा, आवश्यक संसाधन और निरंतर प्रोत्साहन मिला, साथ ही उन्होंने यह स्पष्ट संदेश दिया कि हिंसा का उत्तर दृढ़ता से दिया जाएगा, जबकि शांति का मार्ग अपनाने वालों का स्वागत किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने शहीद जवानों के प्रति भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके सर्वोच्च बलिदान ने इस ऐतिहासिक सफलता की नींव रखी है। साथ ही उन्होंने सुरक्षा बलों के उन बहादुर जवानों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने साहस और संकल्प के साथ अपनी जान की परवाह किए बिना माओवाद की जड़ों पर प्रहार किया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बस्तर की जनता के प्रति भी विशेष कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का विश्वास ही इस परिवर्तन की सबसे बड़ी ताकत बना। उन्होंने उस दौर को याद किया जब मतदान करने पर उंगली काटने की धमकियाँ दी जाती थीं, इसके बावजूद लोगों ने निर्भय होकर लोकतंत्र को मजबूत किया। यही जनविश्वास एक ऐसे नेतृत्व को स्थापित करने में निर्णायक सिद्ध हुआ, जिसने एक दशक के भीतर इस चुनौती का समाधान किया।

हिंसक माओवादी विचारधारा ने वर्षों तक अनगिनत परिवारों को पीड़ा दी - मांओं की कोख उजड़ी, बहनों का सुहाग छिना और मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया, जबकि देश की रक्षा और आंतरिक सुरक्षा के लिए हजारों जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी; यह संघर्ष केवल सुरक्षा बलों का नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र के आत्मबल और संकल्प का प्रतीक रहा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने के बाद माओवादी हिंसा के विरुद्ध एक निर्णायक और सुनियोजित रणनीति पर कार्य प्रारंभ हुआ, जिसके परिणामस्वरूप देश के कई राज्य इस चुनौती से मुक्त हुए, हालांकि छत्तीसगढ़ और उसके पड़ोसी क्षेत्रों में यह समस्या बनी रही; ऐसे में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से राज्य में डबल इंजन सरकार के गठन के बाद पिछले ढाई वर्षों में सामूहिक संकल्प के बल पर इस सशस्त्र माओवादी नासूर का समूल नाश संभव हो सका। मुख्यमंत्री श्री साय ने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार ने उन लोगों का स्वागत किया है, जिन्होंने माओवादी हिंसा का रास्ता छोड़कर संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास जताया है।

# टमाटर से चमकी किस्मत-किसान लेखराम केवट बने आत्मनिर्भरता की मिसाल

**रायपुर, 5 अप्रैल।** बिलाईगढ़ विकासखंड के महानदी तट पर बसे ग्राम मिरचिद में खेती ने नई दिशा और पहचान हासिल की है। यहां के किसानों ने पारंपरिक खेती से आगे बढ़ते हुए टमाटर उत्पादन को आय का सशक्त माध्यम बना लिया है। आज गांव में 50 एकड़ से अधिक क्षेत्र में टमाटर की खेती की जा रही है, जिससे मिरचिद गांव सब्जी उत्पादन के प्रमुख हब के रूप में उभर रहा है। इसी गांव के प्रगतिशील किसान लेखराम केवट पिछले 15 वर्षों से टमाटर की उन्नत खेती कर रहे हैं और अपनी मेहनत व अनुभव के बल पर आर्थिक सफलता की नई कहानी लिख रहे हैं। वर्तमान में वे लगभग ढाई एकड़ भूमि में टमाटर की खेती कर रहे हैं, जिससे उन्हें प्रतिवर्ष करीब 6 लाख रुपये की आय हो रही है। लेखराम केवट मुख्य रूप से लक्ष्मी वैरायटी के टमाटर उगाते हैं, जिसकी बाजार में जबरदस्त मांग रहती है। उनकी उपज स्थानीय हाट-बाजार के साथ-साथ रायगढ़ और शिवरीनारायण की मंडियों तक पहुंच रही है। उनके खेत से प्रतिदिन लगभग 100 कैरेट टमाटर की आपूर्ति होती है, जिससे हर महीने करीब 50 हजार रुपये से अधिक की आमदनी हो रही है। इस खेती की खास बात यह है कि लेखराम अपने परिवार के साथ मिलकर ही पूरा काम संभालते हैं। इससे खेती की लागत कम होती है और परिवार के सदस्यों को भी रोजगार मिलता है। मिरचिद गांव में टमाटर की खेती न केवल किसानों की आय बढ़ा रही है, बल्कि पूरे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति को भी सुदृढ़ बना रही है। लेखराम केवट की सफलता अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बन रही है, जो आधुनिक तकनीकों को अपनाकर खेती को लाभकारी व्यवसाय में बदलने की दिशा में आगे बढ़ रहे।

# वार्ड-22 हाउसिंग बोर्ड कालोनी में विधायक निधि से बनने वाले रोड,नाली का महापौर ने किया भूमिपूजन

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**राजनांदगांव 5 अप्रैल।** शासन की विभिन्न मदो एवं योजनाओ के अलावा सांसद, विधायक एवं महापौर व पार्षद निधि से शहर में विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे है, विकास की कडी में वार्ड नं. 22 के हाउसिंग बोर्ड कालोनी में विधायक निधि अंतर्गत स्वीकृति 5 लाख रूपये की लागत से रोड एवं नाली निर्माण के लिए महापौर श्री मधुसूदन यादव ने निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सावन वर्मा, कनिष्ठ सभापति श्री संदीप बघेल वार्ड की पार्षद श्रीमती प्रियंका कुरंजेकर, पार्षद श्री मनोहर यादव पूर्व पार्षद श्री अतुल रायजादा, पार्षद प्रतिनिधि श्री पंकज कुरंजेकर की उपस्थिति में पूजा अर्चनाकर भूमिपूजन किया।

भूमिपूजन अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि शासन की नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा वार्डो में विकास कार्य कराने अधोसंरचना एवं पर्यावरण उपकर निधि से राशि स्वीकृत किए। जिससे वार्डो में विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे है। विकास कार्य कराने विधानसभा अध्यक्ष एंव हमारे विधायक डॉ रमन सिंह तथा सांसद श्री संतोष पाण्डे भी अपनी निधि से राशि स्वीकृति करते है, इसी के तहत विधायक निधि से स्वीकृति अनुसार हाउसिंग बोर्ड में रोड एवं नाली निर्माण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार प्राथमिकता से वार्डो में विकास कार्य कराये जायेगे।

भूमिपूजन के पश्चात महापौर श्री यादव ने श्री कमेलशदास के निवास में स्वंय के द्वारा निर्मित रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को देखा। उन्होंने कहा कि इन्होंने वर्षा एवं अन्य पानी भूमि में जाने बहुत ही अच्छे तरीके से रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाया है, यह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि वाटर हार्वेस्टिंग जल संरक्षण का सबसे अच्छा माध्यम है। इस सिस्टम को हम निगम में अमल करेंगे, उन्होंने वार्डवासियो से भी वाटर हार्वेस्टिंग लगाने की अपील किये।

कार्यक्रम में पूर्व वार्ड के काशी नाथ दुबे, महेश श्रीवास्तव, शंकर सिंह, कमलेश दास, राधेश्याम सिंह, देवकी सिंह, संदीप क्षीरसागर, आशीष गौतम, शीतल गौतम, नीरू श्रीवास्तव, प्रशांत अग्रवाल, अर्चना राजपूत, ममता दुबे, निधि अग्रवाल द्वारा पुष्पगुच्छ से स्वागत किये, स्वागत पश्चात अतिथियो ने विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर वार्डवासी उपस्थित थे।

# संगठन सृजन बैठक में संगठन विस्तार,मजबूत बूथ पर चर्चा



**राजनांदगांव 5 अप्रैल।** संगठन सृजन में संगठन मजबूती एवं बूथ ग्राम पंचायत स्तर तक सक्रीयता बढ़ाने के उद्देश्य से संगठन सृजन के अंतर्गत सिघोंला मंडल के बैठक जंगलेश्वर में रखा गया था जिसमें पूर्व गौसेवा आयोग उपाध्यक्ष एवं सिघोला मंडल प्रभारी मन्ना यादव उपस्थित में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया गया मन्ना यादव ने बुथ कार्यकर्ताओ आगामी चुनाव में चुनौती को देखते हुए जमीन स्तर पर संगठन के विस्तार एवं बुथ गाम पंचायत स्तर पर प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर विस्तृत चर्चा किया जिला किसान कांग्रेस राजनंदगांव प्रभारी महामंत्री योगेन्द्र दास वैष्णव ने कहा कि उदयपुर में राष्ट्रीय कांग्रेस संकल्प शिविर आयोजित किया जिसमें बुथ पंचायत स्तर पर युवा वरिष्ठ महिला तथा सभी समाजिक लोगों को समाहित कर बुथ स्तर गठन किया जाए राजनांदगांव ग्रामीण ब्लांक अध्यक्ष रोहित चंद्राकर ने सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि पांच दिनों अंदर सभी बुथो में बैठक रख कर सूची बनाये इसमें लापरवाही बिल्कुल नहीं करना हर बुथ कांग्रेसी बैठक कर सर्वसम्मति प्रस्ताव करें निष्ठा ईमानदारी से संगठन सृजन अभियान को सफल बनाएं सिघोंला मंडल अध्यक्ष चुम्मन निषाद सेक्टर प्रभारी तेजेन्द्र वैष्णव धर्मेन्द्र साहू बुथ प्रभारी मुड़पार महेश साहू कुंदन चंद्राकर मलपुरी कृतलाल पटेल लोकेश गंगवीर राहुल रजक धामनसरा सोहन चंद्राकर जंगलेश्वर मांनसिह साहू चैतराम साहू खैरा रवेली राजू पटेल प्रदीप साहू गाणेश पटेल भागवत साहू एवन लाल ओमप्रकाश पटेल बरातू यादव सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहा।

# हवा खिलाफ चली तो चिराग खूब जला... खुदा भी होने के क्या-क्या सबूत देता है...




छत्तीसगढ़ का एक बड़ा हिस्सा आदिवासी समुदायों से भरा पूरा है। यहाँ आदिवासी संस्कृति अत्यंत प्राचीन और विविधतापूर्ण है। आदिवासी जीवन में प्रकृति के साथ एक गहरा संबंध है। वे प्रकृति के प्रति अपनी श्रद्धा, आदर-भाव को अपने नृत्य, गीत, रीति - रिवाजों के माध्यम से व्यक्त करते हैं। छग के आदिवासी समुदायों में बस्तर का विशेष महत्व है।बस्तर का आदिवासी जीवन, यहाँ लोककला, नृत्य और संगीत में गहराई से रचा -बसा हुआ है।आदिवासी की जीवनशैली, उनके पहनावे, खान-पान, रीति-रिवाजों में भी पारंपरिक जीवनशैली की झलक मिलती है। ये समुदाय प्रकृति पूजा, सामूहिक खेती, पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को अपनाते हैं। आदिवासी संस्कृति विशेष रूप से प्रसिद्ध है। दशहरा उत्सव, 75 दिनों तक चलता है, उत्सव, आदि वासी परंपराओं और धार्मिक मान्यताओं का अनूठा संगम है, माँ दंतेश्वरी की पूजा, रथ यात्रा प्रमुख हैं मिश्रित वन, वन्यजीव प्रकृतिक गुफाओं, जलप्रपात की देश ही नहीं दुनिया में चर्चा है। यहां की काष्ठ कला, मेहनती लोग, नक्सली सक्रियता के चलते सालों से परेशान थे, नक्सली और सुरक्षा बलों के बीच पिस रहे थे, सदाबहार जंगलों की स्वच्छँद हवा में बारूदी सुगंध फैल गई थी, नक्सली उन्मूलन के बाद चैन की सांस तो ले पाएंगे।

### नक्सल समस्या करीब-करीब समाप्त...

देश सहित छत्तीसगढ़ में करीब 5 दशकों से सक्रिय नक्सली समस्या करीब करीब समाप्त हो ही गई है।सूत्रों की मानें तो साल 1972 में थाना भोपाल पटनम क्षेत्र में नक्सल गतिविधि हुई, 7 फरवरी 1972 को ग्राम पोगल में 1 माओवादी सहयोगी को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। बाद में 18 नवंबर 1974 को थाना उसूर के ग्राम पोलमपल्ली में अज्ञात माओवादियों द्वारा एक ग्रामीण के घर में डकैती की घटना को अंजाम दिया गया। घटनाएं इस क्षेत्र में नक्सल गतिविधियों की शुरुआती झलक मानी जाती हैं। अब नक्सली खात्मे की बात कर लें..., 2014 में देश में 126 माओवादी प्रभावित जिले थे पर 31 मार्च 2026 के बाद 2 नक्सली प्रभावित आंशिक जिले बचे हैं, छग के बीजापुर, सुकमा (बस्तर ) शामिल हैं।पिछले 6 साल में सरकार की कामयाबी नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों की लगातार कार्रवाई का असर साफदिखाई दे रहा है।पिछले 6 वर्षों में बड़ी संख्या में नक्सलियों ने या तो आत्मसमर्पण किया है या उन्हें गिरफ्तार किया गया है।1 जनवरी 20 20 से 31 जनवरी 2026 तक आंकड़ों पर नजर डालें तो, 4340 नक्सलियों ने सरेंडर किया, 3644 नक्सलियों को गिरफ्तार किया, इस दौरान ही सुरक्षाबलों ने 666 नक्सलियों को मार गिराया, सरेंडर करने वाले नक्सलियों के पुनर्वास पर सरकार खास ध्यान दे रही है, अबतक 2937 माओवादियों का पुनर्वास किया जा चुका है, इनमें 14 96 इनामी नक्सली और 1441 बिना इनाम वाले नक्सली शामिल हैं। इनामी नक्सलियों के पुनर्वास पर सरकार ने कुल 5 करोड़ 64 लाख ? खर्च किये हैं। चलाये अभियान में फोर्स की मुस्तैदी के कारण पिछले साल कई बड़े नक्सल लीडर्स ने अपने हथियार डाले हैं। दूसरी ओर जिन लीडर्स ने विचारधारा को जिंदा रखने के लिए फोर्स के सामने चुनौती बनने की भी कोशिश की वो मिट्टी में मिल चुके हैं, साल 2026 की डेड लाइन से पहले ही नक्सलियों की मांद को फोर्स ने उखाड़ फेंका। टॉप, माओवादियों का खात्मा हुआ है प्रभाकर, दिलीप बेडजा, कोसा मंडावी, माड़वी हिडमा, माडवी देवा, पोडियम गंगी, सोढ़ी गंगी, राजू देवा उर्फ कट्टा रामचंद्र रेड्डी, कोसा दादा उर्फ कादरी सत्य नारायण रेड्डी, बालकृष्ण उर्फ मनोज बालन्ना, बसवा राजू और जयराम आदि प्रमुख हैं।

### अमित शाह पर गलत बयानी का आरोप...

छग के पूर्व सीएम भूपेश बघेल का कहना है, गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में झूठ बोला, कांग्रेस की सरकार ने मदद नहीं की। चुनौती है कि अमित शाह, मंच, स्थान और समय तय कर लें, बहस के लिये तैयार हूं।लेकिन प्रदेश को और देश को गुमराह नहीं करना चाहिये। झूठ पर झूठ बोलते जा रहे है। नक्सलवाद के मामले में कांग्रेस का स्टैण्ड स्पष्ट रहा है। हमारी सरकार ने कांग्रेस नीति के अनुरूप काम किया, राजनैतिक, सामाजिक आर्थिक रूप से आदिवासियों को सम्पन्न बनाया। वन अधिकार पट्टे दिये, स्कूल खोले, इलाज की व्यवस्था की, पीडीएस दुकानें खोली, राशनकार्ड दिये, भाजपा सरकार ने इसे महरूम रखा था, वंचित रखा था। पूर्व सीएम ने कहा कि हमारी सरकार ने काम किये, नक्सल मोर्चे पर दो तरह की रणनीति अपनाई, बस्तर आदिवासियों का विश्वास अर्जित करना, जैसे-जैसे नक्सलवादी पीछे हटते गये वहां विकास कार्य किये। लोगों का विश्वास बढ़ा और मुख्यधारा में लोग लौटे। नक्सलवाद पीछे हटा, 600 गांव हमने खाली कर वाया।भूपेश बघेल ने कहा कि अमित शाह से पूछना चाहता हूं कि शाह ने घोषणा की थी कि जो गांव नक्सलवाद मुक्त होगा उस गांव को 1 करोड़ ? देगें।






नक्सलवाद समाप्त हो गया हैं...? तो अमित शाह बताये बस्तर के प्रत्येक गांव में 1 करोड़ ? कब देंगे....? शाह लगातार झूठ बोल रहे है, बस्तर में डीआरजी जवान शहीद हुये उन्हें छग सरकार ने ही नियुक्त किया था, उन्हीं के बदोलत, ताकत, शहादत से ही नक्सलवाद आखिरी सांसे ले रहा है। शाह उनके ही बलिदान को नकार रही। 5 साल से जो जवान शहीद हुये उनका अपमान कर रहे है। आंकड़े निकाल कर देख लें, कितने जवान शहीद हुये, कितने मोर्चे में हमने लड़ाई लड़ी, कितने जगह हमने नये कैंप खोले, कितने पीडीएस की दुकाने, स्कूल, आंगनबाड़ी खोले और सड़कें बनाई.....

### अमित जोगी को बड़ा झटका...

छग के बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्या कांड में हाईकोर्ट ने पूर्व सीएम अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को दोषी करार दिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने 3 सप्ताह के भीतर सरेंडर करने का आदेश दिया है, सीबीआई के साक्ष्य को स्वीकार कर फैसला सुनाया है। फैसले पर अमित जोगी ने कहा कि हाईकोर्ट ने बिना सुनवाई का मौका दिए उन्हें दोषी ठहरा दिया, अप्रत्याशित है। कहा, उनके साथ अन्याय हुआ है। सुनवाई के दौरान ही सतीश जग्गी ने कोर्ट को बताया कि पिता की हत्या राजनीतिक साजिश के तहत कराई गई थी। सीबीआई ने 11 हजार पन्नों की चार्जशीट पेश की थी, जिसमें हत्या से जुड़े पर्याप्त साक्ष्य शामिल हैं।



### भाजपा के चंदे में 171 प्रतिशत की वृद्धि...

एसोसिएशन फॉर डेमो क्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR) ने राजनीतिक दलों के चंदे पर नई रिपोर्ट जारी की है। 20 24-25 में राष्ट्रीय दलों को मिलने वाले चंदे में जबरदस्त उछाल आया है। पिछले साल के मुकाबले इसमें 161% की बड़ी वृद्धि दर्ज की गई है। इस चंदे का बड़ा हिस्सा सत्तारूढ़ भाजपा के खाते में गया है। भाजपा को मिला चंदा अन्य सभी राष्ट्रीय दलों के चंदे से 10 गुना अधिक हैज? जारी रिपोर्ट ने राजनीतिक फंडिंग की पूरी तस्वीर साफकर दी है। कुल 11, 343दानदाताओं ने राष्ट्रीय दलों को 20 हजार ? से अधिक का दान दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक भाजपा को 6, 074.01 करोड़ चंदा मिला। यह राशि 5, 522 दान दाताओं से प्राप्त हुई, पिछले वित्तवर्ष की तुलना में भाजपा के चंदे में 171% की वृद्धि हुई। 2023-24 में तो भाजपा को 2, 243.94 करोड़ मिले थे। आंकड़ा बढ़कर 6 हजार करोड़ के पार पहुँच गया है। भाजपा का यह चंदा कांग्रेस, आप, माकपा के कुल चंदे से भी कई गुना ज्यादा है।आंकड़े भाजपा की मजबूत वित्तीय स्थिति दर्शाते हैं, कांग्रेस के चंदे में भी इस साल बढ़ोतरी देखी गई है। कांग्रेस को वित्त वर्ष 2025 में 517.39करोड़ ? का चंदा प्राप्त हुआ। पिछले साल के 281.48 करोड़ ? से 84 % अधिक है।आमआदमी पार्टी को 27.04 करोड़ चंदा मिला है। चंदे में 244% की बड़ी वृद्धि दर्ज की गई है।वहीं नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपी पी) को 1.94 करोड़ का चंदा मिला। एनपीईपी को चंदे में 1, 313% की रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है।

### छग भाजपा को कारपोरेट जगत से 76 करोड़ चंदा...?

छग जैसे प्रकृतिक संसाधनों से भरपूर छोटे राज्य में मप्र से अधिक, राजस्थान के आस- पास चंदा मिला। छ्ग के जल, जंगल, जमीन को सौंपने की चर्चा तेज हैं।एडीआर रिपोर्ट के मुताबिक छ्ग को पिछले वित्तीय वर्ष में 76 करोड़ 29 लाख चंदा भाजपा को मिला था, कांग्रेस को मात्र 27 लाख ही मिल सका था।राजस्थान भाजपा को 87 करोड़ 51 लाख, कांग्रेस को 25 करोड़, मप्र भाजपा को 54 करोड़ 53 लाख तो भाजपा को 1 करोड़ 34 लाख चंदे के रूप में मिला था, कांग्रेस आरोप लगाती रही हैं छत्तीसगढ़ की खदान, वन, जंगल, जमीन सरकार कारपोरेट जगत के हवाले कर चुकी हैं और आगे भी उसकी यहीं मंशा हैं



### और अब बस.....

- » विष्णु सरकार में सीपीआर का दिल्ली कनेक्शन चर्चा में हैं, सीपीआर से हटने के बाद आईपीएस मयंक श्रीवास्तव डिप्टी डायरेक्ट जनरल स्पोर्ट एथारिटी दिल्ली बने तो आई ए एस डॉ रवि मित्तल, डिप्टी सेक्रेटरी पीएमओ बने हैं।
- » मंत्रालय में प्रमुख सचिवों, सचिवों के विभाग बदलने की चर्चा तेज है।
- » छत्तीसगढ़ में मतांतरण को लेकर जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी की बेंच ने आदेश में कहा है कि किसी व्यक्ति को अपने निजी आवास में शांति पूर्ण प्रार्थना सभा आयोजित करने का अधिकार है। हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया, प्रार्थना सभा के लिए पहले से अनुमति लेना जरूरी नहीं है।

---

**एक नजर**

## राडा ने दृष्टिबाधित छात्रों के लिए स्कूल बस प्रदान किया



**रायपुर, 5 अप्रैल।** रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत एक सराहनीय पहल करते हुए दृष्टिबाधित छात्रों के लिए स्कूल बस प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम हीरापुर स्थित प्रेरणा गुरुकुलम विद्यापीठम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राडा के अध्यक्ष रविंदर भसीन ने विद्यालय के अध्यक्ष अनिल कुचेरिया को स्कूल बस की चाबी सौंपकर इस पहल को साकार किया। कार्यक्रम में राडा के उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, कोषाध्यक्ष विवेक अग्रवाल सहित अनिल अग्रवाल, शशांक शाह, मनीष राज सिंघानिया, विवेक गर्ग, अभिनव ऋषि, यशवंत अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, गौरव माध्यनिक, चिराग दोशी, बिष्णु अग्रवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। राडा लेडीज़ विंग से तवांप्रीत भसीन एवं मीनू भसीन की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय की ओर से अध्यक्ष अनिल कुचेरिया, सचिव डॉ. राकेश कामरान, कोषाध्यक्ष संजीव हुदार, आर. वाई. तिवारी एवं महावीर पारख सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## मेजबान हटकेश्वरनाथ वॉलीबॉल संघ की जीत



रायपुर। महादेव घाट स्थित हटकेश्वरनाथ वॉलीबॉल मैदान में आयोजित 5वें अखिल भारतीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2026 के दूसरे दिन शनिवार को मेजबान हटकेश्वरनाथ वॉलीबॉल संघ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पंजाब को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 2-1 से हराया। वहीं महिला वर्ग में रायपुर और हरियाणा की टीमों ने जीत हासिल की। टूर्नामेंट के दूसरे दिन खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। प्रातःकालीन सत्र में खेले गए मैचों में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। दूसरे दिन के पुरुष वर्ग के मुकाबलों में मेजबान हटकेश्वरनाथ वॉलीबॉल संघ रायपुर की टीम ने पंजाब की मजबूत और राष्ट्रीय खिलाड़ियों से सजी टीम को एक कड़े एवं संघर्षपूर्ण मुकाबले में 2-1 से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की।

## फ्लाईओवर की जगह सड़क चौड़ीकरण के लिए बृजमोहन ने सीएम को लिखा पत्र

**रायपुर, 5 अप्रैल।** राजधानी रायपुर के व्यस्ततम शारदा चौक से तात्यापारा चौक मार्ग पर प्रस्तावित फ्लाईओवर निर्माण को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने इस परियोजना पर पुनर्विचार की मांग करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर फ्लाईओवर के स्थान पर सड़क चौड़ीकरण कराने का आग्रह किया है।



सांसद अग्रवाल ने अपने पत्र में कहा है कि शहर के मध्य स्थित यह मार्ग जी.ई. रोड का अत्यंत महत्वपूर्ण और व्यस्त हिस्सा है, जहां घनी आबादी, बाजार और व्यावसायिक गतिविधियों के कारण हमेशा भारी यातायात दबाव बना रहता है। उन्होंने कहा कि पूर्व में मुख्यमंत्री स्वयं इस मार्ग के चौड़ीकरण के पक्ष में निर्णय ले चुके हैं, लेकिन हाल ही में बजट में फ्लाईओवर निर्माण की घोषणा से आम नागरिकों और व्यापारियों में असंतोष की स्थिति बन गई है।

सांसद ने तर्क देते हुए बताया कि करीब 600 से 700 मीटर का यह हिस्सा ही जी.ई. रोड का ऐसा भाग है, जो अब तक चौड़ीकरण से वंचित है और वर्तमान में बॉटलनेक बनकर पूरे शहर के ट्रैफिक को प्रभावित कर रहा है। उनका कहना है कि संकीर्ण और घनी आबादी वाले इस क्षेत्र में फ्लाईओवर निर्माण न केवल तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण होगा, बल्कि इससे आसपास के व्यापारिक प्रतिष्ठानों और स्थानीय संरचनाओं पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

श्री अग्रवाल ने यह भी कहा कि शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक सड़क चौड़ीकरण की मांग वर्षों से उठती रही है और इसे वर्ष 2025 के नगरीय निकाय चुनाव के अटल विश्वास पत्र में भी शामिल किया गया था। इसके बावजूद अब तक इस दिशा में ठोस पहल नहीं हो सकी है।

सांसद ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि राजधानीवासियों की सुविधा और जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए फ्लाईओवर निर्माण के निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए और सड़क चौड़ीकरण के कार्य को प्राथमिकता दी जाए, ताकि शहर में यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके और लोगों को राहत मिल सके।

## कलेक्टर के निर्देश पर चार क्रेशर सील

**रायपुर, 5 अप्रैल।** रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश एवं डिप्टी डायरेक्टर खनिज राजेश मालवे के मार्गदर्शन में खनिज विभाग ने शनिवार को धरसीवा विधानसभा क्षेत्र में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए चार क्रेशर सील किए. यह कार्रवाई धरसीवा विधानसभा के खरोरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम धनसुली और मुरा में की गई.

सहायक खनिज अधिकारी उमेश भार्गव के नेतृत्व में टीम ने अचानक छापा मारकर चूना पत्थर खदानों और क्रेशर इकाइयों की जांच की. जांच के दौरान ग्राम धनसुली स्थित महालक्ष्मी लाइम स्टोन (प्रो. जितेन्द्र अग्रवाल), आशापुरा स्टोन क्वारी (प्रो. बाड़ीलाल पटेल), आशीष अग्रवाल की खदान और राजेश भवनानी का क्रेशर, वहीं ग्राम मुरा स्थित रीराम इंटरप्राइजेज (प्रो. प्रकाश आडवाणी) की इकाई का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण में पाया गया कि कई खदानों में खनिज एवं पर्यावरण नियमों का उल्लंघन करते हुए खनन कार्य किया जा रहा था. साथ ही क्रेशर इकाइयों में स्वीकृत क्षमता से अधिक भंडारण और अवैध भंडारण भी मिला.

गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 4 क्रेशर को सील कर बंद कर दिया है. संबंधित संचालकों को नोटिस जारी किया गया है. गौरतलब है कि खनिज विभाग की टीम ने तीन दिन पूर्व मंदिरहसौद क्षेत्र में भी इसी तरह की कार्रवाई करते हुए कई इकाइयों को सील किया था. लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से अवैध खनन पर सख्ती का संकेत मिल रहा.



## साइंस कॉलेज में अंजय का सम्मान



**रायपुर, 5 अप्रैल।** साइंस कॉलेज के पूर्व छात्रों की बैठक अंजय शुक्ला के अध्यक्षता में हुई। जिसमें भूतपूर्व छात्र सभी सम्मिलित हुए बैठक में महाविद्यालय के जितने भूतपूर्व छात्र निकले है जिन्होंने महाविद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ाई है उनकी सम्मान कार्यक्रम की योजना बनाई गई है इसके लिए बहुत जल्द एक बड़ी बैठक बुलाई जाएगी जिसमें गौरव सम्मान कार्यक्रम की तिथि निर्धारित की जाएगी। अंजय शुक्ला को आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवम औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष पद पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मनोनीत किए जाने पर उन्हें कमिटी द्वारा सम्मान किया गया।

## कांग्रेस झूठ एवं भ्रम फैलाने की राजनीति करती रही है: उज्ज्वल

**रायपुर, 5 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उज्ज्वल दीपक ने कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल द्वारा पुंडुचेरी की एक चुनावी अभियान वाहन को लेकर फैलाए जा रहे भ्रामक और राजनीतिक रूप से प्रेरित आरोपों की निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा झूठ एवं भ्रम फैलाने की राजनीति करती रही है। भाजपा एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के रूप में पूरे देश में अपने चुनावी अभियानों को सुव्यवस्थित संगठनात्मक ढांचे के माध्यम से संचालित करती है। पार्टी के विभिन्न राज्यों के संगठन अभियान से जुड़े संसाधनों, जैसे प्रचार वाहन, तकनीकी उपकरण और अभियान टीमें को आपस में साझा करते हैं, ताकि चुनावी अभियान अधिक प्रभावी, संगठित और किफायती बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि जिस वाहन को लेकर कांग्रेस सवाल उठा रही है, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभाओं के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया एक कस्टम अभियान वाहन है, जिसका उपयोग विभिन्न राज्यों में बड़े जनसंपर्क कार्यक्रमों के दौरान किया जाता है।

**कार्यक्रम** — **महिला सम्मान समारोह और पुस्तक विमोचन का आयोजन**

## नारी शक्ति की उड़ान नहीं रुकने वाली : शताब्दी

**रायपुर, 5 अप्रैल।** आज हर क्षेत्र में महिलाएं अपने हुनर और मेहनत से तरक्की का झंडा गाड़ रही है। नारी शक्ति की सभी क्षेत्रों में उड़ान अब रुकने वाली नहीं है। उत्ताशय के विचार कल्प फाउंडेशन, रायपुर द्वारा विमतारा भवन, शांतिनगर में आयोजित सृजन महिला सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि बाल संरक्षण आयोग की पूर्व अध्यक्ष शताब्दी पांडेय ने व्यक्त किया। समारोह में समीक्षक के तौर पर लतिका भावे, विशिष्ट अतिथि के तौर पर आशा मानव, सोनाली चक्रवर्ती, सुश्री नम्रता सिंह मौजूद रहे।इस अवसर पर संस्था की सलाहकार व लेखिका शीलू लुनिया द्वारा लिखित पुस्तक सृजन का विमोचन भी किया गया। समारोह में अंचल की 45 उन महिलाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने अलग अलग क्षेत्रों में अपने उल्लेखनीय कार्यों से एक विशिष्ट पहचान बनाई है। संस्था के संयोजक रानू लुनिया और अध्यक्ष मासूम लुनिया ने बताया कि समारोह में सम्मानित होने वाली महिलाओं की उपलब्धियों को संक्षिप्त में सबके सामने रखा गया। समारोह में आर्टिस्टिक वाईब्स फाउंडेशन द्वारा संचालित मनोहर जीवन कल्याण वृद्धाश्रम हेतु संचालिका तृप्ति लुनिया को एक लाख रुपए का चेक कल्प फाउंडेशन के द्वारा दिया गया।



## हनुमान चालीसा पाठ में किरण देव हुए शामिल



**रायपुर, 5 अप्रैल।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर राजधानी के संजय नगर स्थित राधा कृष्ण मंदिर में आयोजित हनुमान उत्सव एवं 108 हनुमान चालीसा पाठ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव शामिल हुए। जानकारी देते हुए आयोजन प्रमुख एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सुभाष तिवारी ने कहा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने मंदिर में विधि-विधान से हनुमान का दर्शन और आरती पूजन किया। उन्होंने श्री हनुमान जी से छत्तीसगढ़ वासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सुभाष तिवारी ने कहा हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्रद्धालु भक्तों द्वारा 108 हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।विभिन्न मंडली द्वारा संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी।

नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी ने बताया 108 हनुमान चालीसा पाठ में प्रमुख रूप से बीजापुर से सेवानिवृत्त कलेक्टर अनुराग पांडेय योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष श ज्ञानेश शर्मा, डीपी तिवारी, मिश्रीलाल पांडेय, डॉ. मेघेश तिवारी, संजय दीवान, संजय पांडे, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. समरेंद्र शर्मा, खाद्य पूर्ति आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, दक्षिण रायपुर विधायक सुनील सोनी, पार्षद बद्री प्रसाद गुप्ता, प्रमोद साहू, रवि सोनकर, रमेश, राजेश गुप्ता, भाजपा प्रवक्ता अमित साहू, जिला के मंत्री संजय तिवारी, केसरी, राजेश, रिक्शा रिया, और भजन गायक के रूप में के पुरोहित, रामकृष्ण व्यास, यश सिंह, ठाकुर, उत्तम गुप्ता, बाला राम यादव, किरण अवस्थी यूट्यूबर, सहित बड़ी संख्या में भक्त गण शामिल हुए।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26